

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 145

ग्वालियर, गुरूवार, 15 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### नीट परीक्षा का कुवैत में खुला परीक्षा केंद्र

**नई दिल्ली (ए)।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2021 अब 13 भाषाओं में आयोजित होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है1 उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में भारतीय छात्रों की सुविधा के लिए नीट का कुवैत में एक नया परीक्षा केंद्र खोला गया है। यह परीक्षा पहली बार 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। जिसमें पंजाबी तथा मलयाली भाषा को जोड़ा गया है। शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी कि नीट परीक्षा अब हिंदी, पंजाबी, असमी, बंगाली, ओड़िया, गुजराती, मराठी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, तमिल, उर्दू और अंग्रेजी में परीक्षा आयोजित की जाएगी। गौरतलब है ?कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2021 के लिए ऑनलाइन रजिस?ट्रेशन की प्रक्रिया 13 जुलाई की शाम 5 बजे से एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट नीटडॉएनटीएडाटएन आइसीडाटइनपर शुरू हो गई है. कोविड-19 से संबंधित नियमों के अनुपालन के साथ परीक्षा 12 सितंबर को होगी।

### बेंगलुरू में आयकर विभाग ने सर्वेक्षण किए

**नई दिल्ली (ए)।** आयकर विभाग ने दिनांक 08.07.2021 को बेंगलुरु में भारत के अग्रणी मैनपावर सेवा प्रदाताओं में से एक के दो व्यावसायिक परिसरों पर एक सर्वेक्षण अभियान चलाया। कर निर्धारिती द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80JJAA- जो कुछ शर्तें पूरी किए जाने पर नये रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करती है, जैसे कर्मचारी को भुगतान की गई परिलब्धियां (जो 25,000 रुपये प्रति माह से कम होनी चाहिए) और रोजगार के दिनों की संख्या इत्यादि- के अंतर्गत भारी कटौती का दावा किया है। सर्वे अभियान के दौरान आयकर अधिनियम, 1961 में कटौती के गलत दावों के संबंध में कर चोरी के साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। जांच में पता चला कि भले ही नये कर्मचारियों की परिलब्धियां 25,000 रुपये प्रति माह से अधिक थीं, कर निर्धारिती ने ऐसे कर्मचारियों को मिलने वाली परिलब्धियों के कुछ घटकों को शामिल न करके उक्त धारा के अंतर्गत ग़लत तरीक़े से कटौती का दावा किया था ताकि वह 25,000 रुपये प्रतिमाह की परिलब्धियों की अर्हता सीमा में फिट हो पाए। इसके अतिरिक्त यह पाया गया है कि बाद के वर्षों में कटौती का दावा किया गया है, भले ही पात्रता प्राप्त कुछ कर्मचारी अब निर्धारिती के पेरोल पर नहीं थे। कुल मिलाकर इस सर्वे में विभिन्न आकलन वर्षों में फैले 880 करोड़ रुपये तक की आय को छुपाने का पता चल गया है।

### अमित शाह ने द्वारकाधीश मंदिर पर बिजली गिरने की घटना की प्रशासन से जानकारी ली

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देवभूमि द्वारका स्थित जगत मंदिर पर बिजली गिरने की घटना के बारे में प्रशासन से फोन पर जानकारी प्राप्त की बता दें कि मंगलवार को तेज हवा और मूशलाधार बारिश के बीच जगत के नाथ द्वारकाधीश भगवान के मंदिर पर बिजली गिरी थी घटना के वक्त मंदिर में अनेक श्रद्धालु मौजूद थे आसमानी बिजली से श्रद्धालु या मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन मंदिर का शिखर ध्वज बिजली गिरने से फट गया था घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना के बारे में फोन कर प्रशासन से जानकारी हासिल की है मंदिर के शिखर पर बिजली गिरने की घटना का प्रशासन समर्थन किया है स्थानीय समेत देश-विदेश में बसने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान द्वारकाधीश के कारण बड़ी अनहोनी टल गई लोगों में चर्चा है कि आमतौर पर जब किसी इमारत पर बिजली गिरती है तो काफी नुकसान होता है लेकिन द्वारकाधीश की कृपा से जगत मंदिर पर बिजली गिरने से केवल शिखर ध्वज खंडित हुआ है मंदिर समेत किसी श्रद्धालुओं को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### डेल्टा के बाद अब कप्पा वेरिएंट का कहर, राजस्थान में 11 मामले

**जयपुर (ए)।** राजस्थान में कोरोना वायरस के कप्पा स्वरूप से संक्रमित 11 मरीज मिले हैं। राज्य के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के कप्पा स्परूप से संक्रमित 11 मरीजों में से 4-4 अलवर और जयपुर, दो बाड़मेर से और एक भीलवाड़ा से हैं। उन्होंने बताया कि जीनोम अनुक्रमण के बाद इन मामलों की पुष्टि हुई है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि हालांकि कप्पा स्वरूप, डेल्टा स्वरूप के मुकाबले कम घातक है। राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण के 28 नये मामले आये। राज्य में 613 उपचाराधीन मरीज हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में कप्पा वेरिएंट के दो मामले मिले थे। राजस्थान की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग के एक बुलेटिन में दिखाया गया है कि यहां मंगलवार को 24 घंटों में कोरोना के 28 नए मामले सामने आए है। जबकि महामारी के कारण राज्य में कोई नई मौत नहीं हुई।

# पूरे देश में छाया मानसून, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण-पश्चिम मानसून लंबे इंतजार के बाद आखिरकार पूरे देश में छा गया है। कई राज्यों में बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है कि अब मानसून ने देश के लगभग सभी राज्यों को कवर कर लिया है। सामान्य तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश में 8 जुलाई को पहुंच जाता है, लेकिन इस बार यह 5 दिन देरी से चल रहा है। बीते साल मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों के लिए इसकी शुरुआत की तारीख को संशोधित कर दिया था। राजधानी दिल्ली में सोमवार को अच्छी बारिश हुई और साथ ही राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर जिलों तक पहुंच गया था। इस बार मानसून राजस्थान के रेगिस्तानी जिले बाड़मेर में करीब दो सप्ताह पहले पहुंच गया है। मौसम विभाग ने कहा कि बीते 4 दिनों से बंगाल की खाड़ी से नमी वाली पुरवाई हवाओं के चलने से बादलों का दायरा बढ़ गया और कई राज्यों में बारिश हो रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ गया है और दिल्ली, उत्तर प्रदेश के बाकी स्थानों, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत देश के बाकी बचे हिस्सों तक पहुंच चुका है।

मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, वहीं हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को भी राजधानी दिल्ली में बारिश की संभावना है।



मौसम की जानकारी देने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर ने भी दक्षिण गुजरात के तटीय कर्नाटक के कोंकण और गोवा के हिस्सों और मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। उत्तर पूर्व भारत, सिक्किम, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, दक्षिण छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा के दक्षिणी तट, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश की तलहटी, गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा, दक्षिण मध्य प्रदेश, गुजरात के बाकी हिस्सों, केरल, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। राजस्थान, मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों, उत्तरी छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में हल्की बारिश हो सकती है।

महंगाई के बीच कर्मचारियों को राहत

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 17% से बढ़ाकर 28% किया 50 लाख कर्मचारियों और 61 लाख पेंशनर्स को फायदा

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार के 48 लाख से ज्यादा कर्मियों और 65 लाख रिटायर्ड लोगों का 18 माह का इंतजार खत्म हो गया है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर यानी %महंगाई भत्ता व महंगाई राहत% पर लगी रोक हटाने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार के 48 लाख से ज्यादा कर्मियों और 65 लाख रिटायर्ड लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर यानी %महंगाई भत्ता व महंगाई राहत% पर 18 माह से लगी रोक हटाने का निर्णय लिया।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेसवार्ता में कहा, सरकारी कर्मियों को यह भत्ता एक जुलाई 2021 से मिलेगा। भत्ते की दर 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दी गई है। हालांकि केंद्रीय कर्मियों को यह पूरी उम्मीद थी कि सरकार उनका 18 माह के एरियर को लेकर भी कोई घोषणा करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

केंद्र सरकार के कार्मिकों के प्रतिनिधि समूह %नेशनल काउंसिल ऑफ जेसीएम% ने 26 जून को डीओपीटी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस मुद्दे को संजीदगी से उठाया था। बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने की थी।

## फैसला 1 जुलाई से ही लागू



प्रतिनिधि समूह ने कैबिनेट सचिव से आग्रह किया था कि डीए की राशि के अलावा 18 महीने का एरियर भी जारी किया जाए। कैबिनेट सचिव की तरफ से कहा गया था कि इस बाबत अंतिम रिपोर्ट तैयार उसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज रहे हैं। केंद्र सरकार एक करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मियों और पेंशनरों को निराश नहीं करेगी।

%स्टाफ साइड% की राष्ट्रीय परिषद ने इससे पहले भी कर्मियों के वेतन भत्ते और रिटायर्ड लोगों को महंगाई राहत दिलाने के लिए वित्त मंत्रालय के साथ कई बैठकें की थीं। जेसीएम के सचिव शिव गोपाल मिश्रा और सदस्य सी. श्रीकुमार के अनुसार, सबसे पहले वित्त मंत्रालय में तत्कालीन राज्य मंत्री रहे अनुराग ठाकुर ने ही यह घोषणा की थी कि कर्मियों को उनके डीए की राशि मिलेगी।

केंद्र सरकार के एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी और पेंशनर बीते 18 माह से महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत मिलने का इंतजार कर रहे थे। कोरोना के चलते जनवरी 2020 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत (17 प्रतिशत) बंद है। उस वक्त एलटीसी जैसे अन्य भत्तों पर भी रोक लगाई गई थी।

कर्मियों का डीए, मई 2020 में 21 प्रतिशत था, एक जुलाई 2021 को वह 31 फीसदी हो गया है। केंद्र सरकार को यह बात अच्छे से बताई गई है कि सेना, रेलवे, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि और दूसरे मंत्रालयों के अंतर्गत काम करने वाले कार्मिकों ने निस्वार्थ भाव से सरकार का साथ दिया है। 18 माह के दौरान अनेक सरकारी कर्मचारी रिटायर हो गए। अनेक कर्मी व पेंशनर का निधन हो गया है। उन्हें डीए व डीआर न मिलने का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

शिव गोपाल मिश्रा के अनुसार, केंद्र से आग्रह किया गया था कि डीए, डीआर व एरियर एक साथ दिया जाए। यदि एरियर व दूसरे भत्ते एक साथ जारी करना संभव नहीं है तो उन्हें छोटे अंतराल की अवधि में दे दिया जाए। कैबिनेट सचिव को पहले से ही 18 महीने के एरियर के बारे में अवगत करा दिया गया था।

डीए की दरें जनवरी 2020 से नवंबर 2020 तक 24 प्रतिशत, दिसंबर 2020 से मई 2021 तक 28 प्रतिशत और जून 2021 से जुलाई 2021 तक डीए राशि का ग्राफ बढ़कर 31 फीसदी पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार को अब 28 की जगह 31 फीसदी दर से ही महंगाई भत्ता देना चाहिए था।




### कांग्रेस छोड़ आम आदमी पार्टी जॉइन करेंगे सिद्धू?

अरविंद केजरीवाल ने दिया यह बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पंजाब में जारी कांग्रेस की रार के बीच नवजोत सिंह सिद्धू ने जहां संकेत दिए हैं कि वह आम आदमी पार्टी जॉइन कर सकते हैं तो वहीं अब अरविंद केजरीवाल के बयान ने भी सियासी सरगर्मी को बढ़ा दिया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने एक ट्वीट में कहा था कि आम आदमी पार्टी यानी आप ने हमेशा उनके विजन को पहचाना। अब आप संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है उन्हें बहुत खुशी हुई कि विपक्षी नेता भी उनके काम की तारीफ कर रहे हैं। दिल्ली सीएम ने कहा, मुझे बहुत खुशी होती है कि आम आदमी पार्टी इतना अच्छा काम कर रही है कि विपक्षी पार्टियां और विपक्षी नेता भी हमारी तारीफ करते हैं। हमें इससे प्रोत्साहन मिलता है। अरविंद केजरीवा आज गोवा दौरे पर हैं।

कांवड़ यात्रा | कांवड़ यात्रा को क्यों दी परमिशन

# सुप्रीम कोर्ट ने उत्तरप्रदेश और केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कोरोना संकट के बीच कांवड़ यात्रा को अनुमति दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से यूपी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया गया है। शीर्ष अदालत ने सरकारों को नोटिस जारी कर कांवड़ यात्रा को परमिशन दिए जाने को लेकर जवाब मांगा है। अदालत ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला लिया है। जस्टिस आर.एफ नरीमन की बेंच ने इस मामले का स्वत~ संज्ञान लेते हुए केंद्र और यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। अब शीर्ष अदालत ने इस मामले की इस सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तारीख तय की है। जस्टिस आर.एफ. नरीमन ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमने परेशान करने वाली खबर पढ़ी है कि यूपी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है, जबकि उत्तराखंड सरकार ने इस पर रोक लगाई है। बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना से निपटने के लिए सख्ती बरतने की जरूरत बताई है। वहीं यूपी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है। शीर्ष अदालत ने यूपी, उत्तराखंड और केंद्र सरकार से इस मामले पर शुक्रवार सुबह तक जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि 25 जुलाई से कांवड़ यात्रा की शुरुआत होनी है। ऐसे में इस अहम मुद्दे पर जल्दी सुनवाई होना जरूरी है। बता दें कि उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा को कोरोना संकट के चलते रोकने का फैसला लिया है











## संक्षिप्त समाचार

### शिवपुरी के इन पर्यटन स्थलों से हटाई गई धारा 144

**शिवपुरी।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी शिवपुरी अरविंद वाजपेयी द्वारा तहसील शिवपुरी अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थलों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत धारा 144 हटाई जाने के संबंध में आदेश जारी किया है।जारी आदेश के तहत तहसील शिवपुरी के पर्यटन स्थल भदैया कुण्ड, मडीखेडा बांध, टुंडा भरका, भूरा-खो से धारा 144 हटाई गई है। सिर्फ सुल्तानगढ़ वाटर फॉल (जिला शिवपुरी एवं जिला ग्वालियर की सीमा) पर 31 अगस्त 2021 तक आमजन का आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा।यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान 1860 की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत तथा अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### शिवपुरी पुलिस द्वारा सैक्स रैकिट का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** दिनांक 10 जुलाई को एक व्यक्ति को प्रेम जाल में फंसाकर उसे शहर के बाहर सुनसान जगह पर एक महिला द्वारा बुंलाया गया, फिर अपने रेकेट के सरगनाओं को बुलाकर उस व्यक्ति को पकड़कर उसे झूठे बलात्कार जैसे केस में फसाने की धमकी देकर तीन लाख रूपये की मांग की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा फरियादी की रिर्पोट पर से अपराध क्रमांक 390/21 धारा 389,386,347,392 एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी दीपक सिंह तोमर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक बादाम सिंह यादव एवं उनके स्टाफ द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए इस सैक्स रेकिट में शामिल एक महिला व उसके एक साथी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई, उक्त अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली बादाम सिंह यादव, उनि अमित चतुर्वेदी, उनि रामेश्वर शर्मा, उनि कुलदीप सगर, कार्यवाहक उनि रामचन्द्र शर्मा, प्रआर रघुवीर पाल, सियाराम धाकड़, म.प्रआर. भानुमति, आरक्षक नरेश यादव, भूपेन्द्र यादव, उदलसिंह, बृजपाल सिंह एवं आरक्षक चालक रामजी पाराशर एवं शरद यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### शिवपुरी पुलिस द्वारा महिला से लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का माल किया बरामद

शिवपुरी। दिनांक 08 जुलाई को अज्ञात दो व्यक्तियों द्वारा फरियादिया से चाकू की नोक पर कान के सोने के फूल एवं मंगलसूत्र तथा 2000 रुपए नगदी लूट ली थी, उक्त सूचना पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 377/21 धारा 392 आईपीसी 11,13 एमपीडीपीके एक्ट में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी दीपक सिंह तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली बादाम सिंह यादव द्वारा उक्त अपराध की विवेचना उनि कुलदीप सगर को सोंपी, जिनके द्वारा घटनास्थल के आस-पास की सीसीटीव्ही खंगाली तथा तकनीकी साक्ष्यों की भी मदद ली गई, जिसके आधार पर आरोपियो की पहचान हुई, बाद पुलिस टीम द्वारा उक्त अपराध में संलिप्त दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर से दबिश देकर ग्राम चिटोरा थाना सतनवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल कान के सोने के फूल एवं मंगलसूत्र तथा 700 रुपए नगदी विधिवत बरामद की गई।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक बादाम सिंह यादव, उनि कुलदीप सगर, आरक्षक भूपेन्द्र, नरेश यादव, टिंकू सिंह आरक्षक चालक शरद यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# दाल रोटी को तरसाने बाली मंहगाई के बिरोध में कांग्रेस डटी रहेगी मौर्चे परः विजय चौकसे



### कोलारस, करैरा, पिछोर, पौहरी सहित जिले मै आन्दोलन जारी

शिवपुरी- आम आदमी का बजट बिगाड़कर जीवन यापन की रोजमर्रा की घरेलू उपयोग की बस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ा कर लोगों को दाल.रोटी तक को तरसाने बाली मंहगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी लगातार आन्दोलन कर रही है इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमैटी के प्रवक्ता विजय चौकसे ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शिवपुरी जिले में पार्टी के बरिष्ठ नेता केपी सिंह कक्काजू के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष पंण्श्रीप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोलारस, करैरा, पिछोर, पौहरी सहित कई स्थानों पर युबक कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैलगाड़ी एबं ठेले पर गैस सिलेन्डर और दुपहिया वाहन रखकर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपकर और हस्ताक्षर अभियान चलाकर बढ़ती मंहगाई का बिरोध प्रदर्शन किया और कोरोना मृतको के परिवारों को मुआवजा देने की मांग की तथा आज करैरा में युबक कांग्रेस बिधानसभा अध्यक्ष रूपेन्द्र यादव ने प्रदर्शन के दौरान विरोध स्वरूप अपने एक दर्जन साथियों के साथ मुण्डन भी कराया। जिला प्रवक्ता विजय चौकसे ने आगे बताया कि भाजपा सरकार जब तक मंहगाई कम नहीं करेगी तब तक कांग्रेस आम जनता के हित की लड़ाई लड़ते हुये मोर्चे पर डटी रहेगी।

## यूथ कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के दिए बयान की निंदा

**जलाई गृहमंत्री की प्रतीकात्मक तस्वीर, मांगा इस्तीफा**

शिवपुरी- राजनीतिक रूप से बयानबाजी हो इससे कोई बैर नहीं लेकिन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के विरूद्ध मप्र के गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा के दिए गए बयान की हम घोर निंदा करते है जिसमें उन्होंने कहा कि 75 वर्षीय वृद्ध जो कि भगवान के मंदिर पर चढ़ने के बजाए बेरीकेट्स पर चढ़ रहे है यह एक राजनैतिक व्यक्ति और उनके साथ समस्त कांग्रेसजन को अपमान है क्योंकि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जो प्रदर्शन कर रहे थे वह जनहित में थे ऐसे में यह कांग्रेसजनों के मनोबल को तोड़ने का काम गृहमंत्री के बयान ने किया है इसलिए यूथ कांग्रेस ऐसे बयान की घोर निदां करती है और प्रदेश के गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते है। उक्त बात कही यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे ने जो स्थानीय झांसी तिराहा पर मप्र के गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पर दिए गए बयान को लेकर हो रहे प्रदर्शन को दौरान अपना संबोधन उपस्थितजनों के बीच दे रहे थे। यह प्रदर्शन शिवपुरी युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं प्रदेश सचिव अनिल मिश्रा के निर्देश पर हाल ही में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ अमानवीय व्यवहार एवं टिप्पणी करने पर कांग्रेस पार्टी आहत हुई है जिस कारण युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने झांसी तिराहे पर नरोत्तम मिश्रा की तस्वीर जलाकर बिरोध प्रदर्शन किया और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के इस्तीफे की मांग की।

## जानकी सेना संगठन का भव्य विशाल वैक्सीनेशन कैम्प में 446 वैक्सीन डोज लगाए गए




शिवपुरी- कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बचाव को लेकर इन दिनों कोरोना वैक्सीनेशन के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाजसेवी व सेवाभावी संगठन जानकी सेना संगठन के द्वारा छठवां विशाल वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत(पत्रकार)के निज निवास वी.आर.भवन पर भव्यता के साथ समपन्न हुआ। यहां इस शिविर में 446 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए और कोरोना कवच के रूप में उनका एएनएम श्रीमती अल्का श्रीवास्तव के द्वारा वैक्सीनेशन का कार्य किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैम्प के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र रघुवंशी विधायक,डॉ.संजय ऋषीश्वर टीकाकरण अधिकारी व मदद बैंक के सेवादार बृजेश सिंह तोमर मौजूद रहे जिन्होंने शिविर का शुभारंभ करने के साथ वैक्सीनेशन के कारण और प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉक्टरों एवं वरिष्ठ सदस्यों का अतिथियों द्वारा अभिनंदन जानकी सेना संगठन के द्वारा किया गया जिसमे मूल से डॉ देवेंद्र कुमार पांडेय पीपुल्स केयर हॉस्पिटल, डॉ.ए.के.पाराशर, डॉ.महेंद्र वर्मा वरदान हॉस्पिटल, राजकुमार शर्मा, डॉ धर्मेंद्र समाधिया, गजेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, राजेश जैन प्रेम स्वीट्स, सत्येंद्र सिंह सेंगर, रमन अग्रवाल, कुक्कू भैया, बहन कु शिवानी राठौर, का सम्मान किया गया। यहां राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त श्रीमती अल्का श्रीवास्तव द्वारा सभी को वैक्सीन लगाई गई। संगठन के सभी उपस्थित मित्र सदस्यों का हृदय से अभिनंदन किया जिन्होंने वैक्सीन स्टाफ एवं व्यवस्था कार्य को विशेष सक्रिय जिम्मेदारी से निभाया।

## सड़क पर निकले मगरमच्छ को तेज रफ्तार डम्पर के कुचलने से हुए दो टुकड़े

प्रतिनिधि शिवपुरी।



खबर शहर के श्मशान भूमि के पास की है जहां झांसी रोड पर सड़क पर निकले एक मगरमच्छ को डंपर ने कुचल दिया जिससे मगर के दो टुकड़े हो गए और उसकी मौत हो गई घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर भाग गया जब सड़क पर आवाजाही शुरू हुई तो मगर को मृत अवस्था में देखकर लोग वहां रुक गए और वन विभाग सहित पुलिस को सूचना दे दी हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मगर को सुबह को चला है या रात को जानकारी के अनुसार शमशान भूमि नॉन कोलू की पुलिया के पास बुधवार की सुबह मृत अवस्था में देखा जिसके शरीर के दो टुकड़े सड़क पर पड़े हुए थे और बहामास के क्षेत्र में दलित ही जिसे देखकर लोगों का जमावड़ा लग गया वहां मौजूद लोगों का कहना था कि कोई अज्ञात डंपर मगरमच्छ को कुचल कर भाग गया है। इस रास्ते पर रात और सुबह रेत से भरे डम्परों की आवाजाही इस सड़क पर काफी ज्यादा होती है और इसी दौरान मगरमच्छ सड़क पर आ गया जिसे किसी डंपर ने कुचल दिया जिससे मगर की मौत हो गई मगर लगभग 6 से 8 फीट का बताया जा रहा हैं।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा जहरीली अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक ओमनी कार एवं ढक्कन पैक करने की मशीन की जप्त

शिवपुरी।



पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुभाषपुरा द्वारा 65 लीटर जहरीली शराब तथा एक ढक्कन पैक करने की मशीन एवं ढक्कन करीबन 1140 के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि अरविंद सिंह चौहान को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मोहना तरफ से सिल्वर कलर की एक ओमनी कार में जहरीली अवैध शराब बेचने के लिए लाई जा रही है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा एसडीओपी शिवपुरी श्री दीपक सिंह तोमर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के साथ थाने के सामने चैकिंग लगाई गई, चैकिंग के दौरान एक सिल्वर कलर की एक ओमनी कार आते दिखी जिसे रोककर चैक किया गया तो उसमें 65 लीटर जहरीली ओ.पी. भरी हुई तथा एक लोहे की शराब क्वार्टर ढक्कन पैक करने की मशीन एवं देशी प्लेन शराब क्वार्टर के करीबन 1140 ढक्कन एवं एक ओमनी कार को विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध धार 34 (2), 49 ( क ) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवही की गई।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि अरविंद चौहान, सउनि आशीष खन्ना, कार्यवाहक सउनि लक्ष्मीनारायण शर्मा, आरक्षक नरेन्द्र धाकड़, रामपाल जाट, देवेन्द्र मीणा, राजकुमार गुर्जर, परमचंन्द्र एवं आरक्षक चालक सोनू गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोवर्धन द्वारा अवैध शराब के यसथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी गोवर्धन उनि दिनेश नरवरिया को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पोहरी मोहना रोड़ डाबरपुरा पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर खड़ा है और कहीं बेचने की फिराख में जाने वाला है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी गोवर्धन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर दबिश दी, दबिश के दौरान मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति खड़ा दिखा, जो पुलिस को अपनी ओर आता देख भागने लगा , पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब विधिवत जप्त की गई, बाद आरोपी को थाने लाकर उसके बिरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोवर्धन उनि दिनेश नरवरिया, आरक्षक अजय यादव , अजय रावत, धीरेन्द्र , रवि शुक्ला, रविन्द्र शाक्य एवं आरक्षक चालक नीरज तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में

शिवपुरी।



खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया एक दिवसीय प्रवास के दौरान 15 जुलाई को शिवपुरी में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया 15 जुलाई को दतिया से प्रस्थान कर प्रातः 11.15 बजे शिवपुरी आएंगी और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 02 बजे से 3 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 3 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत सायं 05 बजे शिवपुरी से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## पिछोर थाना प्रभारी बने गब्बर सिंह गुर्जर

शिवपुरी- नवागत थाना प्रभारी पिछोर के पद पर भोपाल से टीआई बनकर आए गब्बर सिंह गुर्जर को कमान सौंपी गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के द्वारा गब्बर सिंह गुर्जर को पिछोर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि कोरोना प्रभारी के रूप में वर्तमान में गब्बर सिंह गुर्जर अपना काम संभाले हुए थे इसी बीच थाना प्रभारी पिछोर अजय भार्गव पदोन्नत होकर डीएसपी बन गए और पिछोर थाना में नव पदस्थी के लिए गब्बर सिंह गुर्जर को अब कमान सौंपी गई है। इस दौरान गब्बर सिंह गुर्जर ने पिछोर में पदभार संभालते ही क्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश और क्षेत्र में कानून नियमों का पालन कराने को लेकर आमजन से अपील की है कि वह किसी भी तरह से गलत कार्य का साथ ना दें और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय व सहयोग बनाकर पुलिस को होने वाले अपराध की सूचना दें ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती के चलते जनजीवन हुआ बेहाल

### शहर में हो रही बिजली की मैराथन कटौती रातों में भी रहती है कटौती

शिवपुरी।

शिवपुरी में बिजली समस्या ने गंभीर रूप धारण कर लिया है पहले ही लोग विद्युत विभाग के मनमाने बिलों से परेशान बने हुए हैं वहीं अब शहर में हो रही बिजली विभाग की कटौती सारे रिकॉर्ड उड़ती हुई नजर आ रही है बिजली कटौती ने दिग्विजय सिंह सरकार के कड़वे दिनों को याद दिला दिया है प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के शिवपुरी आगमन के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में भी पत्रकारों ने उनके समक्ष बिजली कटौती का मुद्दा उठाया था और दिग्विजय सिंह के शासनकाल की याद दिलाई थी लेकिन प्रभारी मंत्री का जवाब था कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल की किसी को याद नहीं आएगी और बिजली कटौती को समाप्त करने के लिए विद्युत अधिकारियों से कहेंगे कि शहर में पिछले लगभग 1 माह से बिजली कटौती का सिलसिला जारी है कभी पूरे शहर में तो कभी आधे शहर में घंटों बिजली काट दी जाती है कुछ इलाकों में तो कटौती की सूचना होती है लेकिन अन्य इलाकों में अघोषित बिजली कटौती कर दी जाती है दिल में लगभग एक दर्जन बिजली कटौती होना आम बात है यहां तक की रात 11ः00 और 12ः00 बजे के बाद भी बिजली कटौती कर दी जाती है जोकि कभी-कभी तो इन्हीं इलाकों में पूरी रात बिजली कटौती रहती है शहर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है गर्मी का प्रकोप दिल में तो है रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलती लेकिन बिजली विभाग कटौती से पंखे कूलर एसी बंद हो जाते हैं और गर्मी में लोगों का जीना बेहाल हो जाता है खासकर बच्चों और महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिजली कटौती की है स्थिति जब है जबकि अभी आंधी तूफान का प्रकोप शुरू नहीं हुआ है थोड़ी बहुत हवा चलने पर ही बिजली कटौती कर दी जाती है बिजली कटौती से नागरिकों में आक्रोश बना हुआ है साथ ही सारे दिन और रात बिजली कटौती के चलते के बाद भी लोगों को उनके घरों का बिल हजारों रुपए दिया जाता है क्योंकि बिजली ना होने के बाद भी लोगों को भुगतना करना पड़ता है नहीं तो वसूली गोवा की कार्यवाही चालू हो जाती है।

## माँ

रहे जब तलक माँ की गोद में,ुद को हर गम से महफू पाया, 'माँ' रहीं भूखे पेट हमें जी भर खिलाया!

माँ देती रहीं परीक्षा की, पाँव में छाले लिये आगे बी, 'माँ'नें हम से हर दर्द छुपाया !

'माँ ' करती है मजदूरी चंद पैसों के लिये, माँ नें गरीबी में सारा जीवन बिताया, हमें राजकुमार सा दुलारती राजाबेटा कहकर बुलाया!

'माँ' ुद के लिये नहीं लेती कभी नयी साी,
हमें सबकुछ मनचाहा दिलाया!
सीता सा किया तप, बच्चों को लव -कुश बनाया,
चाहे रहें वन या झोपी में 'माँ' नें स्वाभिमान के साथ ही जीना सिखाया!

'माँ' तो है वो जिसे ' विधाता' नें स्वयं से भी 'श्रेष्ठ' बताया, 'माँ' की ममता को शब्दों में भला कौन व्यक्त कर पाया!



**स्वरचित एवं मौलिक**

**पूजा मिश्रा**

**रीवा (म. प्र.)**

# किसानों की फसल सुरक्षा के लिए कांग्रेस सरकार ने बनायी गौशाला, भाजपा सरकार नहीं करवा पा रही संचालन

### शहर सहित अंचल की सड़कों पर घूम रहे हजारों आवारा मवेशी उनकी सुरक्षा के लिए अभी तक नहीं पुख्ता इंतजाम

### किसानों की सुरक्षा के लिए बनायी गई गौशाला खाली, सड़कों पर झुंड के झुंड घूम रहे मवेशी

भिण्ड। जिले सहित अंचल में किसानों की फसल सुरक्षित करने व गौवंश की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कांग्रेस सरकार के समय आधा सैकड़ा से अधिक गौशालाएं बनायी गई ताकि सड़कों पर आवारा मवेशी दिखाई न पड़े, बावजूद भी शहर से लेकर गांव तक सड़कों पर झुंड के झुंड मवेशी घूम रहे हैं जो रात के समय वाहनों का शिकार होकर घायल हो जाते हैं। कांग्रेस की सरकार बनते ही गौशालाओं को ध्यान में रखकर आनन-फानन में जिलेभर में लगभग 70 से अधिक गौशालाओं का निर्माण किया गया, सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश को इसमें रखा जा सके। जैसे ही भाजपा की सरकार आई तो कांग्रेस के समय बनायी गई गौशालाओं का ठीक से अब तक संचालन नहीं कर पा रही है जिस कारण आज भी मवेशी किसानों फसल चौपट करने के साथ सड़कों पर घायल हो रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने किसानों के प्रति बड़ी संवेदनशीलता दिखाते हुए गांव-गांव व शहर कई गौशालाओं का निर्माण कराकर किसानों की फसल को सुरक्षित करने के लिए संकल्प जाहिर किया था आधा सैकड़ो से अधिक गौशालाएं आनन-फानन में बनाने के आदेश जारी कर दिये जिसमें 35 लाख लेकर एक करोड तक की राशि खर्च हो गई जो इन दिनों खाली पड़ी हुई है ओर किसानों की फसल आवारा मवेशी चौपट करने में लगे हुए हैं इसके साथ ही सड़कों पर घूम रहे मवेशी आमजन को घायल करते है और रात के समय खुद भी जख्मी हो जाते हैं। कांग्रेस के समय आनन-फानन में बनायी गई गौशालाओं का मंत्रियों व पूर्व सामान प्रशासन मंत्री ने जगह-जगह ऐसी गौशालाओं का उद्घाटन व शुभारंभ किया जहां उनके भाषणों से ऐसा लगता था कि अब सड़कों पर आवारा पशु देखने को नहीं मिलेगे और किसान पूरी तरह से सुरक्षित हो जायेगा, लेकिन कांग्रेस सरकार जाते ही अधूरी गौशालाएं एवं निर्माण हो रही गौशालाओं की धनराशि का भी बंदरबांट हो गया, लेकिन किसान अपनी फसल बर्वाद होते हुए आज भी देख रहा है। किसानों की फसल की सुरक्षा व आवारा घूम रहे पशुओं की सुरक्षा के लिए भाजपा सरकार किसी तरह के इंतजाम नहीं कर रही है।





### किसानों की फसल सुरक्षा व मवेशियों के लिए नहीं ध्यान

कांग्रेस सरकार के समय तो आनन-फानन में आवारा घूम रहे मवेशियों के लिए गौशाला बनायी गई, लेकिन अब खाली नजर आ रही हैं। नेताओं द्वारा किसानों की फसल की सुरक्षा व आत्म निर्भर बनाने के लिए आदि के नारे गूंजते रहे, और भाजपा सरकार ने भी ताबड़तोड़ जिले में कांग्रेस सरकार से भी बड़चढ़कर गौशालाअें का निर्माण कराया और अभी कई जगह निर्माण चल रहा है लेकिन हकीकत यह है कि पूर्व से भी ज्यादा गौवंश तथा आवारा पशु जिले की सड़कों पर आज भी धमा-चौकडी मचा रहे हैं और किसानों की आने वाले हरी फसल को चौपट करने के लिए दृढ संकल्पित दिखाई दे रहे हैं।

### गौशाला निर्माण व उद्घाटन सिर्फ समाचार पत्र की बनी हेडलाइन, हकीकत...

जिले सहित अंचल में गौवंश की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा बनायी गई गौशालाएं सिर्फ शोपी नजर आ रही हैं। हकीकत आज भी गौशालाओं के निर्माण ओर चालू होने के कई फोटो ग्राफ समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं, रोजाना गौशाला के निर्माण के ज्यादत्तर समाचार पत्रों की हेडलाइन बनते है जिनका मंत्रियों से गौशालााओं का शिलान्यास व उद्घाटन के साथ गायों को चारा खिलाते हुए दिखाई देते थे, और राजएक्सप्रेस ने पहले भी गौशालाओं की हकीकत का जिक्र को लेकर कई खुलासे किये और हकीकत में आज गौशालाओं में सिर्फ आवारा पशुओं के चित्र छपे हुए देखे जा सकते है लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

### शहर के डिबाइडरों आसपास मवेशियों के झुंड

शहर की हालत यह है कि डिवाइडर बनी हुई सड़कों के दोनों तरफ गौवंश गार्ड की तरह खडे दिखाई दे जायेगे, कुल मिलाकर यह है कि गौवंश व आवारा पशु कि बढ़ोत्तरी दिनों दिन दिखाई दे रही है लेकिन बनी हुई गौशालाओ में मवेशी नहीं है किसानों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन नहीं है और कभी किसानों की सुरक्षा के लिए किसी तरह के इंतजाम किये जा रहे हैं। यूपी सरकार की तरह यदि किसानों को एक आवार पशु बांधकर रखने के लिए प्रोत्साहित करके प्रतिमाह कुछ राशि उपलब्ध करायी जाये तो गौवाशं व आवारा पशुाअें से निजात मिल सकेगी।

## बिजली व्यवस्था ठप पड़ी हुई उपभोक्ता हो रहे परेशान अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



मौ। मौ कस्वा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप पड़ी हुई है उपभोक्ता हो रहे परेशान नगर के तारों में जर्जर हालत हो रही है केवल तो पोल छोड़कर नीचे केवल झूल रही है जो चाहिए नीचे बिजली के तारों से कभी भी आज तक ठीक नहीं कराया गया खतरा बना रहता है उपभोक्ता की शिकायत करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है नगर में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिछाई गई केवल बड़ा कारण साबित होता नजर आ रहा है जगह-जगह बिजली के तार खुले पड़े हुए हैं क्षेत्र में लाइट का लुका छुपी का खेल बना रहता है यहां की तो देखा जाए कि केवल छत पर खंभों को छोड़कर छत पर डली हुई है जो कि कभी भी किसी का शिकार बना सकती है इन्हीं लाइनों को देखकर बिजली कटौती की जा रही है लेकिन लाइनों की स्थिति उसके बाद भी खराब है जगह-जगह लाइन टूट उसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है नगर के वार्ड क्रमांक 6 सदर बाजार और मोहल्लों में जाएगा बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं अघोषित कटौती और नगर में बिना किसी सूचना के बिजली कटौती की जा रही है इसमें उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है बनाओ वक्ताओं के ही बिजली अधिकारियों को बिल्कुल ध्यान नहीं है क्यों बरसात के सीजन में मकानों के ऊपर ढली केबल कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है बिजली विभाग के अधिकारियों के पर जूं तक नहीं रेंग रहा है।

## जिला योजना समिति की बैठक आज जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में

भिण्ड । राजस्व एवं परिवहन विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 15 जुलाई 2021 को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि 15 जुलाई 2021 को आयोजित होने वाली जिला योजना समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग (पीडीएस, उपार्जन, उर्वरक) एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयो पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी।

## लायसेंसी बंदूक से अधेड़ ने स्वयं को मारी गोली



भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेरा में एक 56 वर्षीय अधेड़ ने अज्ञात कारणों के चलते स्वयं को गोली मार ली। यहां मृतक पिछले तीन महीने से रह रहा था। बुधवार की सुबह गोली मारकर सुसाइड की जानकारी पर गोरमी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मेंहगांव कस्बे के ग्राम सोनी के रहने वाले विद्याराम (56) पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा पिछले तीन महीने से गोरमी कस्बे के नजदीक ग्राम खेरा गांव स्थित धर्मूबाबा के स्थान पर रह रहे थे। यहां मृतक पीछे तीन महीने से लगातार निवास कर रहा था। पुलिस की पूछताछ में बताया गया हैकि मृतक विद्याराम करीब आठ महीने सड़क हादसे में घायल हो गए थे। तब से उनके शरीर में दर्द रहता था। चक्कर आते थे। इसलिए वो इस मंदिर पर भगत कल्लू कटारे के पास रहते थे। बताया जाता है कि कल्लू कटारे से मृतक का पुराना संबंध था। बीते दिनों कल्लू ने मृतक के बेटे को फोन करके बताया था कि विद्याराम नशा ज्यादा करने लगे है। इस पर मृतक का बेटा पिंकी मंगलवार की शाम आया पिता को अपने साथ ले जाने के लिए कहा। परंतु वो बेटा के साथ नहीं गए। मृतक विद्याराम ने कहा था कि अब नशा करना छोड़ देंगे और एक या दो दिन बाद घर आएंगे। इसके बाद पिंकी चला गया। बुधवार की सुबह मंदिर पर गांव के लोग, रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू कराने की तैयारी कर रहे थे। तभी मंदिर से दूर बने एक घर में विद्याराम थे। वो हमेशा अपने साथ लाइसेंसी बंदूक रखते थे। सुबह के समय अचानक गोली चलने की आवाज गांव के लोगों ने सुनी। इसके बाद लोगों ने देखा तो विद्याराम की बंदूक पास में पड़ी थी और गोली सीने में लगी हुई थी। इसके बाद पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने फॉरेंसिंक टीम बुलाकर घटना की जांच शुरू कराई। इसके बाद शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। फिलवक्त पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

## कलेक्टर ने दिए 10 प्रभारी जनशिक्षा केन्द्रो को कारण बताओ नोटिस

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस झने शासकीय कार्यो में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर 10 प्रभारी जनशिक्षा केन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब सप्रमाण प्रस्तुत करने को कहा है। जिन प्रभारी जनशिक्षा केन्द्रों में आरटीई अन्तर्गत बच्चों के ऑनलाईन आवेदनो का सत्यापन शत प्रतिशत करना था जिसका प्रतिशत काफी कम रहा और आपके द्वारा इस संबंध में कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए और ना कोई रूचि ली। जिसके कारण जिले की छवि राज्य शिक्षा केन्द्र की समक्ष धूमिल हो रही है। उक्त लापरवाही पर जिन प्रभारी जनशिक्षा केन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किए है उनमें एसके लोहिया प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शा.हाईस्कूल बिरखडी गोहद, आशाराम शाक्य प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि.मसूरी अटेर, एचएन शाक्य प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि पीपरी अटेर, दिलीप नरवरिया प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि कनाथर मेहगांव, आनन्द श्रीवास्तव प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाकउमावि गोरमी मेहगांव, हरिशचन्द्र शर्मा प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाकउमावि मेहगांव, विजयवीर सिंह कुशवाह प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि नयागांव भिण्ड, राजकुमार दौहरे प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि कनावर भिण्ड, राघवेन्द्र सिंह कुशवाह प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शा.हाईस्कूल बाराकला भिण्ड एवं कोमल सिंह परिहार प्रभारी जनशिक्षा केन्द्र शाकउमावि लहार शामिल है।

## संकुल प्राचार्य रामराज सिकरवार के खिलाफ अभाविप ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं पर शिकायत कटवाने के लिए बनाया जाता है दवाब

### शिक्षकों का वेतन और एरियर निकलवाने के के लिए की जाती है रिश्वत की मांग




मौ। मौ नगर में संचालित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामराज सिकरवार द्वारा लगातार बरती जा रही लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के मामले आए दिन सामने आ रहे है। इसी के चलते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने लिखा है कि मौ संकुल प्राचार्य रामराज सिकरवार अपने नाम के विपरीत कार्य कर रहे हैं उनका नाम भले ही रामराज हो पर वो काम बिल्कुल रावणराज का कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राचार्य द्वारा बरती जा रही लापरवाहियां लगातार बढ़ती जा रही उसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर उनकी शिकायतें भी बढ़ती जा रही ज्ञापन में बताया था कि रामराज सिकरवार की सीएम हेल्पलाइन पर कई शिकायतें हैं पर उन शिकायतों की सुनवाई न करते प्राचार्य शिकायतकर्ताओं पर शिकायत कटवाने के लिए दबाव बनाते हैं इसके साथ ही उसमें लिखा था जिस भी शिक्षक द्वारा उनसे अपने वेतन व एरियर निकलवाने की बात कही जाती तो वो उस शिक्षक से रिश्वत की मांग करते है । इसी बात को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिकायतों को अपने संज्ञान में लेकर उनका निराकरण करना तथा प्राचार्य की लापरवाहियों की जांच करवाकर उन पर उचित कार्यवाही करने की मांग की।

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत आज भिण्ड आएंगे

भिण्ड । राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत एक दिवसीय प्रवास पर 15 जुलाई 2021 को प्रातः10.30 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे भिण्ड आएंगे एवं भाजपा कार्यालय में बैठक लेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत अपरान्ह 3 बजे जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में लेंगे। तत्पश्चात सायं 4 बजे जिला क्राईसिस मेनेजमेंट की बैठक लेंगे। इसके तत्पश्चात राजस्व मंत्री श्री राजपूत शनि मंदिर गौरी किनारे पर वृक्षारोपण करेंगे। प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत रात्रि 8 बजे भिण्ड से कार द्वारा सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में निराकरण न करने कलेक्टर ने दी कार्यवाही की चेतावनी

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने टीएल बैठक एवं प्रतिदिन होने वाली ऑनलाइन सीएम हेल्पलाइन समीक्षा बैठक उपरांत भी शिकायतों में कमी नहीं आने पर तथा अधिकारी द्वारा निराकारण नहीं किये जाने पर जेके जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को 1275 शिकायतों, एसबी शर्मा प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं कल्याण विभाग को 142 शिकायतों, पीआर गोयल कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 830 शिकायतों, सूरजपाल कुशवाह जिला खाद आपूर्ति आधिकारी को 1451 शिकायतों, एसडीएम भिण्ड- 777, गोहद-898, अटेर-314, मेहगांव-379 एवं लहार-589 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग की लंबित शिकायतों, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन तोमर को 204 शिकायतों के लंबित रहने, महिला एवं बाल विकास आधिकारी अब्दुल गफ्फार को 105, कृषि विकास आधिकारी एसपी शर्मा को 78, महेश कुमार बडोले, परियोजना आधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग को 1137 शिकायतों एवं सीएमओ अकोड़ा रामभान सिंह भदौरिया 30, सीएमओ फूप एवं रौन हनुमंत सिंह भदौरिया को 7 एवं 18 शिकायतों, सीएमओ गोहद सतीश कुमार दुबे को 328, सीएमओ मालनपुर विनय कुमार भारद्वाज को 27, प्रभारी सीएमओ लहार महेन्द्र सिंह 82, सीएमओ मिहोना द्वारका प्रसाद शर्मा को 62, सीएमओ दाबोह/आलमपुर बाबूलाल कुशवाह 113 एवं 25, सीएमओ मेहगांव योगेंद्र तोमर 25, सीएमओ गोरमी अशोक कुमार 16 शिकायतों, सीईओ जनपद रौन एवं लहार आलोक इटोरिया को 75 एवं 204, सीईओ जनपद गोहद श्याम मोहन श्रीवास्तव 231, सीईओ भिण्ड ओम प्रकाश कौरव 257, सीइओ मेहगांव अतुल प्रकाश सक्सेना 311 एवं सीइओ अटेर को 191 लंबित शिकायतों में पत्र लिखकर शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर निराकरण करने का निर्देश एवं समस्त सीएमओ तथा सीइओ को प्राधिकृत आधिकारी समाधान एक दिवस में लोक सेवा केन्द्रों पर तत्काल सेवा देने का जो कार्य सौंपा गया है। कलेक्टर ने कहा कि स्वयं उपस्थित रहकर निराकरण करने केंद्र का निरीक्षण करने तथा आमजन को तत्काल सेवा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

## बाइक चोरी ने मालिक से मांगी चाबी, बाइक मालिक ने दबोचा



भिण्ड। शहर में चोरों के हौंसले इस तरह बुलंद है कि वे दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। भिंड शहर में एक चोर बाइक चोरी के लिए आया। यहां चोर बाइक में मास्टर चाबी, लगाकर लॉक खोल रहा था। पास में ही खड़े बाइक मालिक, यह पूरी घटना देख रहा था। इसी समय बाइक मालिक ने कहा कि- क्या हो गया। लॉक नहीं खुल रहा, तभी चोर ने मदद के लिए बाइक मालिक से चाबी मांग ली। यह घटना भिंड शहर के जिला अस्पताल की मंगलवार की शाम की है। यहां वाटर वर्क्स निवासी मुनीम सिंह, शाम के समय बाइक से जिला अस्पताल पहुंचे। यहां वे किसी का इंतजार करने लगे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल को साइड में खड़ा किया और खुद कुछ दूरी पर जाकर बीड़ी पीने लगे। इसी समय बाइक चोरी सोनू नागर आया। वो आकर मुनीम सिंह की बाइक पर बैठ गया और जेब से एक चाबी निकालकर बाइक का लॉक तोड़ने का प्रयास करने लगा। यह घटना को पास में ही खड़े बाइक मालिक मनीम सिंह देख रहे थे। बाइक मालिक ने चोर से पूछा क्या हो गया। लॉक नहीं खुल रहा। तभी चोर बोला हां, चाबी लॉक गड़बड़ कर रहा है। गाड़ी मालिक ने कहा कि इस चाबी से खुल जाएगा। तभी चोर ने चाबी मांग ली और उसने लॉक में लगाई जिससे एक पल में लॉक खुल गया। इसी दौरान चोर बोला, आपकी चाबी से तुरंत खुल गया। इसी समय मुनीम सिंह बोले- गाड़ी मेरी है तो लॉक तो खुल जाएगा। यह सुनते ही चोर, बाइक को जमीन में गिराकर भागने लगा। इसी समय मुनीम सिंह ने चोर को पकड़ना चाहा तो वो धक्का देकर भाग गया और अस्पताल के सुलभ शौचालय में जा छिपा। यह धक्का-मुक्की अस्पताल परिसर में ओर भी लोग देख रहे थे। इस बात की सूचना परिसर में तैनात पुलिस बल को दी गई। पुलिस ने चोरी के प्रयास में आरोपी सोनू नागर को पकड़ लिया।

## भारत की चुनौती

अमेरिका में 2020 के चुनाव के बाद भले ही राष्ट्रपति और सत्ता बदल गई, मगर कुछ नहीं बदला तो वह है अफगानिस्तान से तालिबान के खिलाफ संघर्ष खत्म करने और अमेरिका समेत नाटो देशों की सेनाओं की वापसी का निर्णय। 2001 से जारी तालिबान विरोधी जंग को खत्म करने और सेनाओं की वापसी का फैसला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का था। नए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इसे बरकरार रखा और सेनाओं की वापसी हो गई। लगभग पूरी विदेशी सेना की वापसी हो गई है। हालांकि, सेनाओं की वापसी के साथ अमेरिका का तालिबान के खात्मे का मुद्दा अब कमजोर पड़ चुका है। धीरे-धीरे तालिबान अफगानिस्तान में वापस पैर पसारने लगा है। लगभग दो तिहाई हिस्से पर वापस कब्जा जमा लिया है। भारत के लिए अफगानिस्तान में इतिहास खुद को दोहराने के लिए तैयार है। भारत के लिए अफगानिस्तान में आशंकाएं उस समय से भी बदतर प्रतीत होती हैं, जब 1992 में वहां इसकी समर्थक सरकार गिर गई थी। तब तक सोवियत संघ, जिसके साथ भारत का गठबंधन था, विघटित हो गया था। भारत एक बार फिर वहां अलग-थलग है, क्योंकि उस क्षेत्र में इसके करीबी माने जाने वाले अमेरिका ने काबुल छोड़ दिया है। यही नहीं, अमेरिका ने अशरफ गनी सरकार को तालिबान के गंभीर खतरे के बीच छोड़ दिया है, और तालिबान का भारत से कभी बेहतर रिश्ता नहीं रहा। अगर भारत तालिबान के साथ देर से और संकोच के साथ बात कर भी रहा है, तो लगता है कि शायद वह कारगर नहीं हो रही, क्योंकि तालिबान का शीर्ष नेतृत्व, जिसका वास्तव में कूटनीतिक महत्व है, अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने के लिए अफगानिस्तान पर पूरी तरह कब्जा करने में व्यस्त है, ताकि देश के भीतर या बाहर से उसे चुनौती न दी जा सके। तालिबान के नियंत्रण में अफगानिस्तान का कितना बड़ा इलाका है, यह अब मायने नहीं रखता। उन्होंने अमेरिकियों द्वारा खाली किए गए राजनीतिक और सैन्य शून्य को भर दिया है। उत्तरी अफगानिस्तान के बड़े इलाकों के साथ-साथ, जहां जातीय अल्पसंख्यक उज्बेक, हजारा और ताजिक रहते हैं, ताजिकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपना नियंत्रण स्थापित कर उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया है कि नॉर्दर्न एलायंस-जिसे भारत ने 2001 में समर्थन दिया था, जिसने अमेरिका के लिए जमीनी स्तर पर काफी लड़ाई लड़ी थी और जो काबुल से तालिबान को उखाड़ फेंकने के लिए पर्याप्त था-फिर से आकार न ले सके। भारत के लिए स्थिति बेहद प्रतिकूल है, जैसा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस और और ईरान के विदेश मंत्रियों के साथ पिछले हफ्ते बातचीत करने के बाद हसूस किया। ये दोनों क्षेत्रीय शक्तियां, जो पहले अफगान संघर्ष पर भारत के करीब थीं, अब दूर हो गई हैं। ये दोनों नहीं चाहते कि अफगानिस्तान में किसी भी रूप में अमेरिकी मौजूदगी जारी रहे। भारत के लिए अगर कुछ सांत्वना की बात है, तो यह कि पाकिस्तान की स्थिति भी बहुत जटिल है। अफगानिस्तान में खुली छूट मिलने और काबुल में एक मित्र सरकार होने की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी होगी। सत्ता पर काबिज हो जाने पर तालिबान उनके मित्र बने रहेंगे और वे डुरंड लाइन को अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में स्वीकार करेंगे, यह देखा जाना बाकी है। फिलहाल पाकिस्तान शरणार्थियों की आमद की उम्मीद कर सकता है, जो पहले से ही अनुमानित 28 लाख है। इसके अलावा नशीले पदार्थ भी आएंगे।

# 15 जुलाई 2021 भगवान महावीर स्वामी गर्भ कल्याणक

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

**अन्य नाम वीर, अतिवीर, वर्धमान, सन्मति**

**एतिहासिक काल 599-527 ई? पू? डॉ शिक्षाएं अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकान्तवाद**

**पूर्व तीर्थंकर पार्श्वनाथ गृहस्थ जीवन**

**वंश इक्ष्वाकु पिता राजा सिद्धार्थ माता त्रिशला**

**पंचकल्याणक जन्म चैत्र शुक्ल त्रयोदशीजन्म स्थान कुण्डलग्राम, वैशाली के निकट**

**मोक्ष कार्तिक अमावस्या मोक्ष स्थान पावापुरी, जिला नालंदा, बिहार**

**लक्षण रंग स्वर्ण चिन्ह सिंह आयु 72 वर्ष**

**शासक देव यक्ष मातंग यक्षिणी सिद्धायिका**

गणधर प्रथम गणधर गौतम गणधर

भगवान महावीर जैन पन्थ के चौंबीसवें (24वें) तीर्थंकर है। भगवान महावीर का जन्मकरीब ढाई हजार वर्ष पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतन्त्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था। तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गये। 12 वर्षो की कठिन तपस्या के बाद उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हुआ जिसके पश्चात् उन्होंने समवशरण में ज्ञान प्रसारित किया। 72 वर्ष की आयु में उन्हें पावापुरी से मोक्ष की प्राप्ति हुई। इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयायी बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुनिक और चेटक भी शामिल थे। जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर-जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम धाम से मनाया जाता है।

जैन ग्रन्थों के अनुसार समय समय पर धर्म तीर्थ के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है, जो सभी जीवों को आत्मिक सुख प्राप्ति का उपाय बताते है। तीर्थंकरों की संख्या चौबीस ही कही गयी है। भगवान महावीर वर्तमान अवसर्पिणी काल की चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर थे और ऋषभदेव पहले।[1] हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया, उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया। तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया।[2] उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो है-

अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य। उन्होंने अनेकांतवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अद्भुत सिद्धान्त दिए। महावीर के सर्वोदयी तीर्थों में क्षेत्र, काल, समय या जाति की सीमाएँ नहीं थीं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। दुनिया की सभी आत्मा एक-सी हैं इसलिए हम दूसरों के प्रति वही विचार एवं व्यवहार रखें जो हमें स्वयं को पसन्द हो। यही महावीर का जीयो और जीने दो का सिद्धान्त है।



### जीवन

**जन्म**

भगवन महावीर का जन्म ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डलपुर में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। जैन ग्रंथ उत्तरपुराण में वर्धमान, वीर, अतिवीर, महावीर और सन्मति ऐसे पांच नामों का उल्लेख है। इन सब नामों के साथ कोई कथा जुडी है। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद इनका जन्म हुआ था।

**विवाह**

दिगम्बर परम्परा के अनुसार महावीर बाल ब्रह्मचारी थे। भगवान महावीर शादी नहीं करना चाहते थे क्योंकि ब्रह्मचर्य उनका प्रिय विषय था। भोगों में उनकी रूचि नहीं थी। परन्तु इनके माता-पिता शादी करवाना चाहते थे। दिगम्बर परम्परा के अनुसार उन्होंने इसके लिए मना कर दिया था।[5] श्वेतांबर परम्परा के अनुसार इनका विवाह यशोदा नामक सुकन्या के साथ सम्पन्न हुआ था और कालांतर में प्रियदर्शिनी नाम की कन्या उत्पन्न हुई जिसका युवा होने पर राजकुमार जमाली के साथ विवाह हुआ।

**तपस्या**

भगवान महावीर का साधना काल 12 वर्ष का था दीक्षा लेने के उपरान्त भगवान महावीर ने दिगम्बर साधु की कठिन चर्या को अंगीकार किया और निर्वस्त्र रहे। श्वेतांबर सम्प्रदाय जिसमें साधु श्वेत वस्त्र धारण करते है के अनुसार भी महावीर दीक्षा उपरान्त कुछ समय छोड़कर निर्वस्त्र रहे और उन्होंने केवल ज्ञान की प्राप्ति भी दिगम्बर अवस्था में ही की। अपने पूरे साधना काल के दौरान महावीर ने कठिन तपस्या की और मौन रहे। इन वर्षों में उन पर कई ऊपसर्ग भी हुए जिनका उल्लेख कई प्राचीन जैन ग्रंथों में मिलता है।

**केवल ज्ञान और उपदेश**

जैन ग्रन्थों के अनुसार केवल ज्ञान प्राप्ति के बाद, भगवान महावीर ने उपदेश दिया। उनके 11 गणधर (मुख्य शिष्य) थे जिनमें प्रथम इंद्रभूति थे

जैन ग्रन्थ, उत्तरपुराण के अनुसार महावीर स्वामी ने समवसरण में जीव आदि सात तत्त्व, छह द्रव्य, संसार और मोक्ष के कारण तथा उनके फल का नय आदि उपायों से वर्णन किया था

**पाँच व्रत**

सत्य ? सत्य के बारे में भगवान महावीर स्वामी कहते हैं, हे पुरुष! तू सत्य को ही सच्चा तत्व समझ। जो बुद्धिमान सत्य की ही आज्ञा में रहता है, वह मृत्यु को तैरकर पार कर जाता है।

अहिंसा - इस लोक में जितने भी त्रस जीव (एक, दो, तीन, चार और पाँच इंद्रीयों वाले जीव) है उनकी हिंसा मत कर, उनको उनके पथ पर जाने से न रोको। उनके प्रति अपने मन में दया का भाव रखो। उनकी रक्षा करो। यही अहिंसा का संदेश भगवान महावीर अपने उपदेशों से हमें देते हैं।

अचौर्य - दुसरे के वस्तु बिना उसके दिए हुआ ग्रहण करना जैन ग्रंथों में चोरी कहा गया है।

अपरिग्रह - परिग्रह पर भगवान महावीर कहते हैं जो आदमी खुद सजीव या निर्जीव चीजों का संग्रह करता है, दूसरों से ऐसा संग्रह कराता है या दूसरों को ऐसा संग्रह करने की सम्मति देता है, उसको दुःखों से कभी छुटकारा नहीं मिल सकता। यही संदेश अपरिग्रह का माध्यम से भगवान महावीर दुनिया को देना चाहते हैं।

ब्रह्मचर्य- महावीर स्वामी ब्रह्मचर्य के बारे में अपने बहुत ही अमूल्य उपदेश देते हैं कि ब्रह्मचर्य उत्तम तपस्या, नियम, ज्ञान, दर्शन, चारित्र, संयम और विनय की जड़ है। तपस्या में ब्रह्मचर्य श्रेष्ठ तपस्या है। जो पुरुष स्त्रियों से संबंध नहीं रखते, वे मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ते हैं।

जैन मुनि, आर्यिका इन्हें पूर्ण रूप से पालन करते है, इसलिए उनके महाव्रत होते है और श्रावक, श्राविका इनका एक देश पालन करते है, इसलिए उनके अणुव्रत कहे जाते है।

**दस धर्म**

जैन ग्रंथों में दस धर्म का वर्णन है। पर्युषण पर्व, जिन्हें दस लक्षण भी कहते है के दौरान दस दिन इन दस धर्मों का चिंतन किया जाता है।

**क्षमा**

क्षमा के बारे में भगवान महावीर कहते हैं- मैं सब जीवों से क्षमा चाहता हूँ। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्रीभाव है। मेरा किसी से वैर नहीं है। मैं सच्चे हृदय से धर्म में स्थिर हुआ हूँ। सब जीवों से मैं सारे अपराधों की क्षमा माँगता हूँ। सब जीवों ने मेरे प्रति जो अपराध किए हैं, उन्हें मैं क्षमा करता हूँ।

वे यह भी कहते हैं मैंने अपने मन में जिन-जिन पाप की वृत्तियों का संकल्प किया हो, वचन से जो-जो पाप वृत्तियाँ प्रकट की हों और शरीर से जो-जो पापवृत्तियाँ की हों, मेरी वे सभी पापवृत्तियाँ विफल हों। मेरे वे सारे पाप मिथ्या हों।

**धर्म**

धर्म सबसे उत्तम मंगल है। अहिंसा, संयम और तप ही धर्म है। महावीरजी कहते हैं जो धर्मात्मा है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं।

भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था।

**मोक्ष**

तीर्थंकर महावीर का केवलिकाल 30 वर्ष का था। उनके के संघ में 14000 साधु, 36000 साध्वी, 100000 श्रावक और 300000 श्रविकाएँ थी।[10] भगवान महावीर ने ईसापूर्व 527, 72 वर्ष की आयु में बिहार के पावापुरी (राजगीर) में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त किया। उनके साथ अन्य कोई मुनि मोक्ष को प्राप्त नहीं हुए 7 पावापुरी में एक जल मंदिर स्थित है जिसके बारे में कहा जाता है कि यही वह स्थान है जहाँ से महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।

दूसरी सदी के प्रभावशाली दिगम्बर मुनि, आचार्य समन्तभद्र ने तीर्थंकर महावीर के तीर्थ को सर्वोदय की संज्ञा दी थी।

# केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी भी !

**अशोक भाटिया**

केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार की प्रतीक्षा पूरी हुई। इस पहले बड़े विस्तार और साथ ही फेरबदल से यही स्पष्ट हुआ कि नए मंत्रियों के चयन में योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता देने के साथ ही क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों का भी विशेष ध्यान रखा गया। लोकतंत्र में ऐसा करना आवश्यक होता है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार के साथ प्रधानमंत्री की टीम कहीं ज्यादा व्यापक आधार वाली और पहले से अधिक सक्षम दिखने लगी है। चूंकि मंत्रिपरिषद में सहयोगी दलों की भागीदारी के साथ ही युवा चेहरों का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है इसलिए उसकी औसत आयु पहले से कम दिखने लगी है। खास बात यह भी है कि मंत्रिपरिषद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। इसके साथ ही वंचित एवं पिछड़े तबकों की भी हिस्सेदारी बढ़ी है। इसका अर्थ है कि प्रधानमंत्री सोशल इंजीनिर्यरग पर न केवल काम कर रहे हैं, बल्कि उसे बल भी प्रदान कर रहे हैं। यह उनके लिए अचरज का विषय हो सकता है, जो अभी भी भाजपा को पुराने चश्मे से देखने के अभ्यस्त हैं अथवा सामाजिक न्याय के नाम पर जातियों की गोलबंदी को ही सही मानते हैं।



मोदी कैबिनेट के विस्तार के द्वारा मिशन यूपी-2022 पूरा किए जाने की बात की जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो चेहरे अपनी 'टीम' के लिए चुने, वह यूपी की चुनावी पिच पर मजबूती के साथ 'बैटिंग' कर सकते हैं। यही वजह है कि मोदी कैबिनेट में किन्हीं बड़े नामों के बजाय सामाजिक समीकरणों को प्राथमिकता दी गई है। तीन पिछड़े, तीन दलित और एक ब्राह्मण बिरादरी के मंत्री के साथ ही बीजेपी ने क्षेत्रीय संतुलन भी साधा है। नए पुराने चेहरों को जोड़ लें तो पूर्वांचल से 5, अवध से 4, पश्चिम यूपी से 3, बुंदलेखंड से 2 और रुहेलखंड से एक चेहरा टीम मोदी का हिस्सा बना है। गौरतलब है कि यूपी के विधानसभा चुनाव के नतीजे जातीय और सामाजिक समीकरणों से सधते हैं। सवर्णों के साथ ही गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलितों को अपने कोर वोट बैंक में बदलने के अभियान में बीजेपी 2014 से ही लगी हुई है। उसे इसका काफी फायदा भी हुआ है। मोदी मंत्रिमंडल विस्तार में यूपी से आए नए चेहरों में दो कुर्मी बिरादरी से हैं। अनुप्रिया और उनके दल का पूर्वांचल के कई जिलों में प्रभाव है। इस बिरादरी से आने वाले संतोष गंगवार को हटाया गया तो पंकज चौधरी को जोड़कर उसकी भरपाई भी कर दी गई। बदायूं के रहने वाले बीएल वर्मा लोध बिरादरी से आते हैं। मध्य यूपी के कई जिलों में इस बिरादरी के वोट निर्णायक हैं। तीन दलित मंत्रियों में कौशल किशोर पासी, भानुप्रताप वर्मा कोरी और एसपी सिंह बघेल धनगर बिरादरी से आते हैं। 2014 से ही गैर-जाटवों के वोट बीएसपी से छिटक कर बीजेपी में जुड़े हैं। सांसद एसपी सिंह बघेल बीजेपी के पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। अति पिछड़ों में पाल बिरादरी में भी उनका प्रभाव माना जाता है। हालांकि, इस समय वह आगरा की सुरक्षित सीट से सांसद हैं। अजय मिश्र टेनी अवध से आते हैं। इस बेल्ट से केंद्रीय मंत्रिमंडल में ब्राह्मणों की पहले कोई भागीदारी नहीं थी। यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी अपनी कैबिनेट का विस्तार अपने हिसाब से करके सबको चौंका दिया है, जिन बड़े नामों के मोदी

# हम सबका खून एक ही

***डॉ. वेदप्रताप वैदिक***

*बिहार सरकार के एक मंत्री जमा खान ने अपनी आठ सौ साल की विरासत को याद किया और अपनी खुद की मिसाल पेश करके कहा कि सर संघचालक मोहन भागवत ने जो कहा है, वह बिल्कुल ठीक है। मोहनजी ने पिछले दिनों कहा था कि भारत के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। डीएनए को लेकर वैज्ञानिकों ने मतभेद प्रकट किए हैं लेकिन मोहनजी के मूल आशय से कौन असहमत हो सकता है ? यह ठीक है कि इस्लाम और ईसाइयत का जन्म भारत के बाहर हुआ है और अभारतीय लोग ही इन दोनों मजहबों को भारत में लाए हैं। इन मजहबों के बारे में एतिहासिक तथ्य ये भी हैं कि इन्हें लोगों ने लालच, भय, द्वेष या सत्ता-मोह के कारण ही स्वीकार किया है। कोई कुरान या बाइबिल पढ़कर मुसलमान या ईसाई बना हो, इसके उदाहरण नगण्य हैं। जो अपने आपको हिंदू या जैन या बौद्ध कहते हैं, वे भी इन धर्मों के ग्रंथों को पढ़कर या इनके आदि महापुरुषों के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर इन धर्मों को थोड़े ही मानते हैं। सारे मजहबों के मानने के पीछे अक्सर पारिवारिक भेड़चाल ही होती है। अलग-अलग मजहबों को मानने का अर्थ यह कभी नहीं होता कि उनके अनुयायी भी अलग-अलग हैं। एक ही भारतीय परिवार में शैव, शाक्त और वैष्णन होते हैं। पौराणिक, आर्यसमाजी, राधास्वामी, रामभक्त और कृष्णभक्त होते हैं। इसी तरह एक ही देश के हिंदू, मुसलमान, यहूदी– सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। यह ठीक है कि यहूदी, ईसाई और इस्लाम धर्म बाहर से आए हैं लेकिन बाहर से आए लोग यहीं के लोगों में घुल-मिल गए हैं और उनकी मूल संख्या कितनी रही होगी? मुश्किल से कुछ सौ या कुछ हजार ! अब उनके लाखों और करोड़ों अनुयायिओं को भी हम विदेशी मानने लगें, यह हमारी बड़ी भूल होगी। मैं अपने कश्मीर, ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में ऐसे कई बड़े-बड़े मुसलमानों से मिला हूँ जो पक्के मुसलमान हैं लेकिन वे अपने आप को आर्य या ब्राह्मण कहने में गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के दो-तीन प्रधानमंत्रियों ने मुझसे खुद कहा कि वे मूलतः हिंदू या राजपूत या जाट परिवार से हैं, जैसा कि बिहार के मंत्री जमा खान ने दावा किया है कि उनके परिवार की एक शाखा अभी भी हिंदू है और वे दोनों परिवार, दोनों धर्मों के धार्मिक उत्सव मिल-जुलकर मनाते हैं। कहने का अभिप्रायः यह कि कोई भी देशी या विदेशी विचारधारा या धर्म को माने लेकिन उसकी भारतीयता सर्वोच्च है और अमिट है। हम सबका खून एक ही है।*

## व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

बदलाव का क्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस क्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था। प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है। यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है।कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है।वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है।लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व।व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक। एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है। उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं।क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है। जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है।जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है।उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा।प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है।जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।

# हिन्दू मुसलमानों में भय फैलाकर वोटों की खेती

**सनत जैन**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के मुसलमानों और हिन्दुओं के डीएनए को एक बताकर भारतीय मुसलमानों को यह संदेश दे दिया है कि मुस्लिम अपने आप को हिन्दू मान लें। हिन्दू एवं मुसलमानों के बीच टकराव के स्थान में सदभाव बनाने, मुस्लिमों को संघ एवं हिन्दू संगठनों के निकट आने की पहल की है। संघ प्रमुख का मुस्लिम संगठन में जाकर यह कहना महत्वपूर्ण संदेश है। मुस्लिम यदि भाजपा के साथ आ जाएंगे तो सुरक्षित एवं भय -मुक्त रहेंगे। चित्रकूट के चिंतन शिविर में संघ प्रमुख ने मुस्लिम आबादी में संघ की शाखाओं को संभावित करने का निर्देश प्रचार प्रमुखों को दिया गया है। संघ की नई रणनीति में भय से ग्रसित मुस्लिम समुदाय के बीच जाकर प्रचारक उन्हें आश्वस्त कर संघ और भाजपा से जोड़ने का कार्य करें। इसके विपरीत संघ के अनुवांशिक संगठन और सरकार मुस्लिमों को लक्ष्य करके उनके बीच भय का वातावरण बनाने को कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की बात कहकर मुस्लिम समुदाय जो आर्थिक दृष्टि से बहुत कमजोर है, उसे भयभीत करने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलने का नियम बनाने के प्रावधान कर मुस्लिम समुदाय के बहुत बड़े वर्ग मे भय पैदा करने का काम किया है। आतंक के खिलाफ कार्यवाही करने के नाम पर मुस्लिमों के घर छापे डालकर गिरफ्तारी से भय उत्पन्न कराया जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर उ.प्र. में विधान सभा चुनाव के पूर्व हिन्दू एवं मुस्लिम वोटों की खेती करने का जो प्रयोग 2002 में गुजरात में हुआ था। वही प्रयोग अब उ.प्र. में विधानसभा चुनाव में होने जा रहा है।



गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के बाद गुजरात के हिन्दू और मुस्लिमों के बीच भय का वातावरण बना था। 2002 के विधान सभा चुनाव के दौरान मुस्लिम एवं हिन्दुओं के मन में एक - दूसरे के प्रति भय उत्पन्न किया गया। हिन्दुओं ने एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया। वहीं भय और आतंक के बीच मुस्लिमों ने भी भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान करके अपने आपको सुरक्षित करने का काम किया था।

जबरा मारे और रोउन ना दे, की तर्ज पर मुस्लिमों ने गुजरात में टकराव का रास्ता छोड़कर यथा स्थिति को स्वीकार कर लिया था। कुछ इसी तरह की स्थिति 2022 के उ.प्र. विधान सभा चुनाव के लिए संघ परिवार ने नई रणनीति बनाई है। संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं मुख्यमंत्री योगी की वर्तमान भूमिका से सपष्ट है कि मुस्लिमों के बीच भय करके हिन्दू मतों को एकजुट करो। उ.प्र. में जातीय समीकरण की राजनीति को कमजोर करने के लिए हिन्दुओं में भय फैलाना जरुरी है। उ.प्र. में जिस तरह आतंकी संगठनों द्वारा राम मंदिर, मथुरा, और काशी को निशाना बनाने की खबरों, मुस्लिम समुदाय के जनसंख्या नियंत्रित करने की कार्यवाही से हिन्दू समुदाय भय और मुस्लिम विरोध में एकजुट हो रहा है। वहीं मुस्लिम समुदाय भयक्रांत हो रहा है। उ.प्र. में विपक्ष कमजोर है। योगी को कोई चुनौती नहीं है। यह स्पष्ट रुप से दिख रहा है। किसान आंदोलन 7 माह से अधिक चलने के बाद भी केन्द्र एवं उ.प्र. सरकार द्वारा किसान संगठनों से बात नहीं करने से उ.प्र. की जातीय एवं खाप पंचायतों की व्यवस्था की राजनीति भी चरमरा रही है। जितना भय मुस्लिमों में देखा जा रहा है। वही भय हिन्दुओं के बीच उ.प्र में दिखने लगा है। उ.प्र. में हिन्दुओं के बीच मुस्लिमों का भय फैलाकर एक बार फिर वोटों की बम्फर फसल लेने की रणनीति संघ परिवार ने बनाई है। इससे उ.प्र. की राजनीति में हलचल मच गई है। जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष के चुनाव में जिस तरह की रणनीति बनाकर बसपा के साथ समझौता करके एंव पंचायत सदस्यों की खरीद फरोख्त करके भाजपा ने जीत हासिल की है। उसके बाद हिनदुओं के क्षेत्रीय छत्रप भी योगीराज में भयाक्रांत हो गए हैं।

बहरहाल मुस्लिमों का भय दिखाकर हिन्दुओं को भाजपा के पक्ष में एकजुट करने एवं मुस्लिमों को भयभीत करके भाजपा के पक्ष में वातावरण बनाकर वोटों की खेती करने की जो रणनीति उ.प्र. विधानसभा चुनाव के पूर्व संघ परिवार ने बनाई है। इस रणनीति की सफलता गुजरात में 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिल चुकी है। उ.प्र. में हिन्दू एंव मुस्लिमों के वोट भाजपा के पक्ष में करने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं योगी आदित्यनाथ ने हिन्दुओं को एकजुट कर चुनाव जीतने की जो रणनीति बनाई है। वह उ.प्र में चुनाव पूर्व सफल होती दिख रही है।

# कृष्णा श्रॉफ ने बर्थडे पर पोस्ट की ऐसी तस्वीर, बॉडी पर कॉमेंट किए बिना नहीं रह पाईं दिशा पाटनी



टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ का 21 जनवरी को बर्थडे था। सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वह जैसे ही कोई फोटो शेयर करती हैं, वह इंटरनेट पर तुरंत वायरल हो जाती है। अपने जन्मदिन पर भी उन्होंने बिकीनी में मिरर सेल्फी पोस्ट की। इस पर दिशा पाटनी सहित कई लोगों ने कृष्णा की तारीफ की है।

**28 साल की हुई कृष्णा श्रॉफ:** कृष्णा श्रॉफ ने तस्वीर पोस्ट करके लिखा है, 28 मुझ पर अच्छा लगता है। उनके फैन्स और फॉलोअर्स ने बर्थडे विश किया है। वहीं दिशा पाटनी ने उनकी बॉडी की तारीफ की है। दिशा ने कॉमेंट में बॉडी लिखकर लिट इमोजी बनाया है।

**बॉयफ्रेंड से हाल ही में हुआ है ब्रेकअप:** कुछ दिन पहले कृष्णा श्रॉफ और उनके बॉयफ्रेंड एबॉन के ब्रेकअप की खबरें आई थीं। श्वङ्मद्बद्बद्दह्य से बातचीत में कृष्णा ने बताया था कि कई वजहें थीं जिनके चलते उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि इसे प्राइवेट रखेंगी। कृष्णा ने बताया था कि उन दोनों को लगा कि रिलेशनशिप में रहने से अच्छा है दोनों दोस्त रहें।

## बांद्रा में फूल खरीदती दिखीं रिया चक्रवर्ती, लोगों ने कहा- सुशांत सिंह राजपूत के बर्थडे से पहले ड्रामा

सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद ढेर सारे आरोपों को लेकर चर्चा में रहीं ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह बांद्रा



की सड़क पर नजर आई हैं। रिया इस वीडियो में सड़क पर फूलवाले से फूल खरीदती दिख रही हैं। फेमस फोटोग्राफर विरल भयानी ने रिया का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में रिया अपनी कार से उतरकर फुटपाथ पर मौजूद फ्लावर शॉप पर पहुंचती हैं और फूल खरीदती नजर आती हैं। अपने सामने मौजूद कैमरे को देखकर वह हाथ जोड़ती दिखती हैं। इस वीडियो में रिया कहती दिख रहीं- यार फूल खरीदने आई हूं, जाओ न। रिया इस वीडियो में उन्हें फॉलो न करने की बात कहती दिख रही हैं। रिय के इस वीडियो पर लोगों ने कुछ इसी तरह के कॉमेंट भी किए हैं। एक फैन ने कहा है- इन्हें प्रमोट मत करिए। किसे ने लिखा है कि वह किनके लिए ये फूल खरीद रही हैं, अब नया कौन है? कुछ फैन ऐसे भी हैं जिन्होंने उनके हाल पर दया दिखाई और कहा- बस करो, जाने दो उसे अपने हाल पे। एक ने लिखा है- सुशांत सिंह राजपूत के बर्थडे से पहले ड्रामा। बता दें कि कल यानी 21 जनवरी को दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत का जन्मदिन है और ट्विटर पर फैन्स' ट्रेंड कर रहे हैं।

## अक्षय कुमार ने बच्चन पांडे के पोस्टर में दिखाया इंटेंस लुक, थिअटर में इस डेट को होगी रिलीज

अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म च्बच्चन पांडेज् सुर्खियों में है। अब उन्होंने इसका का नया पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ ही उन्होंने



फिल्म की रिलीज डेट बताई है और यह भी बताया है कि फिल्म थिअटर में रिलीज होगी।

**26 जनवरी 2022 में होगी रिलीज:** फिल्म के पोस्टर में अक्षय कुमार का लुक काफी इंट्रेस्टिंग दिख रहा है। अक्षय ने पोस्टर के साथ लिखा है, उसका एक लुक ही काफी है। च्बच्चन पांडे 26 जनवरी 2022 को रिलीज होगी। अक्षय कुमार की इन फिल्मों का फैन्स को इंतजार अक्षय कुमार के अलावा इस फिल्म में कृति सैनन और अरशद वारसी भी अहम भूमिकाओं में हैं। मुंबई मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स किसी ऐसे इंसान की तलाश में थे जो अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग को मैच कर सके। वर्क फ्रंट पर बात करें तो अक्षय कुमार के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं।

# बॉडीगार्ड शेरा संग सरदार लुक में नजर आए सलमान खान, सोशल मीडिया पर लगी आग



बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करते हैं। इन्हें उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। अब एक बार फिर ऐक्टर ने अपनी एक पिक्चर शेयर की है और खास बात यह है कि यह उनके बॉडीगार्ड शेरा के साथ है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है जिसमें वह और शेरा सरदार के लुक में नजर आ रहे हैं। दोनों पगड़ी पहने दिख रहे हैं और सलमान ने शेरा के कंधे पर हाथ रखा हुआ है। सलमान की दिखी बढ़ी दाढ़ी फोटो में सलमान की दाढ़ी बढ़ी हुई दिख रही है। ऐक्टर ने इसके कैप्शन में सिर्फ लिखा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सलमान के लिए शेरा कितने ज्यादा वफादार हैं।

**फैंस को पसंद आ रही तस्वीर:** जैसे ही सलमान ने यह तस्वीर शेयर की, कुछ ही देर में इस पर लाखों लाइक्स और कॉमेंट्स आ गए। कई यूजर्स ने तो कॉमेंट सेक्शन में आग वाला इमोजी भी पोस्ट किया है। सलमान अक्सर शेरा के साथ तस्वीरें शेयर करते हैं।

**अपकमिंग फिल्म में दिखेगा सरदार वाला लुक:** बता दें, सलमान खान अपकमिंग फिल्म अंतिम में एक सरदार के लुक में नजर आने वाले हैं। फिल्म का टीजर पिछले दिनों ही रिलीज हुआ था। फल्म में लीड ऐक्टर सलमान के जीजा आयुष शर्मा हैं जिनके दमदार लुक को फैंस ने काफी पसंद किया था।

**इन फिल्मों में नजर आएंगे सलमान खान:** वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान अब फिल्म राधे योर मोस्ट वॉन्टेड भाई में नजर आएंगे जो इस साल ईद के मौके पर रिलीज होनी है। इसके अलावा वह कभी ईद कभी दिवाली, चकिक 2 जैसी फिल्मों में भी दिखाई देंगे।

# आखिर क्यों टली टाइगर श्रॉफ की हीरोपंती 2 की शूटिंग

पिछले साल यह खबर सामने आई थी कि टाइगर श्रॉफ की सुपरहिट फिल्म हीरोपंती का सीक्वल बनेगा। इसको लेकर लगभग सभी तैयारी भी पूरी कर ली गई थीं। अभिनेता टाइगर श्रॉफ भी फिल्म की शूटिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की शूटिंग 9 देशों में होनी थी। लेकिन अब हीरोपंती 2 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अब टाल दी गई है। हालांकि इसकी वजह सिर्फ कोविड ही नहीं है, बल्कि स्क्रिप्ट को लेकर भी कुछ समस्या सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार एक तरफ कोरोना के नए स्ट्रेन की वजह से जिन देशों में शूटिंग होनी



थी, वहां शूट लोकेशन फाइनल नहीं हो पाई हैं। इसके अलावा स्क्रिप्ट भी उम्मीद से ज्यादा लंबी है और राइटर्स इसको फिनिशिंग टच देने में लगे हुए हैं। दूसरी तरफ फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने भी बच्चन पांडे पर काम शुरू कर दिया है और वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। हालांकि इस बारे में अभी अधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म की शूटिंग मार्च से पहले शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि फिल्म में टाइगर के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया भी नजर आने वाली हैं। च्हीरोपंती 2ज् का निर्देशन अहमद खान करेंगे जिन्होंने इससे पहले च्बागीज् फ्रैंचाइजी से च्बागी 2ज् और च्बागी 3ज् का निर्देशन किया है।

## दिव्या दत्ता बोलीं- कंगना रनौत की धाकड़ ट्रेंड सेट करेगी

अभिनेत्री दिव्या दत्ता च्धाकड़ज् में कंगना रनौत और अर्जुन रामपाल के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें यकीन है कि यह जासूसी थ्रिलर फिल्म एक ट्रेंड सेट करेगी। हाल ही में उनके चरित्र का परिचय देने वाला एक पोस्टर जारी किया गया। अभिनेत्री को फिल्म में रोहिणी नाम के एक च्विल मास्टर के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने भाग को नैरेट किया तो मैं बहुत एक्साइटेड हुई। ये कुछ ऐसा है जो इससे पहले मैंने कभी नहीं किया। यह किरदार मेरे व्यक्तिगत व्यवहार से बिल्कुल अलग है। मैं अपने किरदार के बारे में अभी ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती हूं, लेकिन मैं यह कह सकती हूं कि मेरे चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए, रोहिणी ने मानसिक रूप से भी बहुत तैयारी की। दिव्या ने कहा, च्मैं कंगना और अर्जुन के साथ काम करने की उम्मीद कर रही हूं और मैं वास्तव में एक महिला प्रधान एक्शन फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हूं। मुझे यकीन है कि धाकड़ एक ट्रेंड सेट करेगी। दिव्या से पहले कंगना और अर्जुन के किरदारों के पोस्टर भी रिलीज किए जा चुके हैं।



# परिणीति चोपड़ा का एनिमल में कुछ ऐसा होगा किरदार



नए साल की शुरूआत में रणबीर कपूर की फिल्म च्एनिमलज् की घोषणा भी की गई थी। यह पहला मौका होगा जब रणबीर डायरेक्टर संदीप वांगा के साथ काम करेंगे। फिल्म में परिणीति चोपड़ा और अनिल कपूर होंगे। इस फिल्म की स्टार कास्ट की जानकारी तो पहले ही सामने आ गई थी, लेकिन इसमें किसका क्या किरदार होगा, इस बारे में कुछ नहीं पता चला था। हालांकि अब इस सस्पेंस से भी पर्दा उठ गया है। बताया जा रहा है कि च्एनिमलज् में परिणीति चोपड़ा रणबीर कपूर की पत्नी का किरदार निभाएंगी वहीं अनिल कपूर, रणबीर के पिता के रोल में नजर आएंगे। अगर फिल्म की कहानी की बात करें तो चर्चा है कि यह एक ऐसी गैंगस्टर ड्रामा कहानी होगी, जो अब तक बॉलिवुड में नहीं बनी है। फिल्म उलझे रिश्तों की परेशानियों पर बेस होगी और एक ऐसा वक्त आएगा जब वह लीड ऐक्टर को एनिमल यानी जानवर जैसा व्यवहार करने पर मजबूर कर देगा। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को जून तक फ्लोर पर लाना चाह रहे हैं, लेकिन रणबीर कई फिल्मों में बिजी हैं इसलिए उन्हें च्एनिमलज् के लिए अपने शेड्यूल में परिवर्तन करना पड़ सकता है।

# शादी के लिए रवाना हुई वरुण धवन की होने वाली दुलहनिया नताशा दलाल, रिजॉर्ट में चल रहीं जबरदस्त तैयारी



वरुण धवन और उनकी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड की शादी का इंतजार उनके फैन्स लंबे वक्त से कर रहे हैं। अब दोनों पूरी तरह से एक-दूसरे के होने के लिए तैयार हैं। होने वाली दुलहन अपने परिवार के साथ अलीबाग के लिए निकल चुकी हैं। वहीं वरुण धवन की फैमिली भी रवाना हो चुकी है।

**घर से निकलते ही कैमरे में कैद हुई नताशा:** बीते कई दिनों से वरुण और नताशा की शादी सुर्खियों में है। गेस्ट लिस्ट भी चर्चा में है। वीकेंड वेडिंग के लिए दोनों परिवार निकल चुके हैं। अलीबाग के एक रिजॉर्ट में बीते कुछ दिनों से तैयारियां चल रही हैं। अब दोनों परिवार भी वहां के लिए निकल चुके हैं।

**23 जनवरी से शुरू होंगी वेडिंग सेरिमनीज:** वेडिंग सेरिमनीज शनिवार से शुरू हो जाएंगी। 23 तारीख संगीत से शुरुआत होगी। इसके बाद 24 को दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे। कोविड की वजह से शादी में सिर्फ करीबी लोग ही शामिल होंगे। बॉलिवुड से सलमान खान, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, करण जौहर और जैकलीन फर्नांडिस के मौजूद रहने की खबरें हैं। शादी के लिए वरुण नताशा ने लग्जरी रिजॉर्ट मैनशन हाउस बुक किया है। यह एक एकड़ में फैला हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें 25 कमरे, स्वीमिंग पूल और गार्डन एरिया सहित कई सुविधाएं हैं।

## नुसरत जहां के बिना ट्रिप पर निकले निखिल जैन, इंस्टा स्टोरी में दिखा- वफाएं मेरी याद करोगी



बांग्ला ऐक्ट्रेस और तृणमूल कांग्रेस सांसद नुसरत जहां की राजस्थान ट्रिप बीते दिनों चर्चा में थी। इस ट्रिप पर वह ऐक्टर यश दासगुप्ता के साथ गई थीं। इसके बाद उनके पति निखिल जैन से उनकी दूरियों की खबरें सुर्खियों में थीं। अब नुसरत के पति हिमाचल ट्रिप पर हैं। उनके सोशल मीडिया पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहे हैं।

### ऐक्टर यश के साथ डेटिंग की थीं खबरें

बीते कुछ वक्त से नुसरत जहां और उनके पति निखिल जैन के बीच सबकुछ ठीक ना होने की खबरें आ रही हैं । रिपोर्ट्स थीं कि ऐक्टर यश दासगुप्ता के साथ उनकी नजदीकियां बढ़ रही हैं। इस पर नुसरत का रिऐक्शन भी आ चुका है। उन्होंने कहा था कि वह अपनी पर्सनल लाइफ पर बात नहीं करना चाहतीं। वहीं यश ने कहा था कि राजस्थान ट्रिप पर कोई भी साथ जा सकता है। उन्हें नुसरत की पर्सनल लाइफ की जानकारी नहीं है। इस बारे में उन्हीं से पूछा जाए। अब निखिल जैन हिमाचल पहुंचे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी किसी भी तस्वीर में नुसरत साथ नहीं दिखाई दे रहीं। उनके एक फॉलोअर ने भी कॉमेंट किया है, आप अच्छे इंसान हो, वह पछताएगी।

### पहाड़ों पर वक्त बिता रहे हैं निखिल

निखिल जैन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर गाना लगाया है, दिल तोड़के हंसती हो मेरा। वहीं उन्होंने जो तस्वीरें पोस्ट की हैं उनके साथ इंस्पिरेशनल कोट्स लिखे हैं। निखिल पहाड़ों में बढ़िया वक्त बिता रहे हैं। नुसरत के साथ उनकी आखिरी तस्वीर 21 अक्टूबर की है। वहीं नुसरत अपने प्रफेशनल कमिटमेंट्स में बिजी हैं।

# '26 जुलाई से आरंभ होंगी 11वीं और 12 वीं की कक्षाएँ : मुख्यमंत्री'

**(50 प्रतिशत क्षमता से सप्ताह में चार दिन लगेंगे स्कूल , मुख्यमंत्री द्वारा विद्या भारती के शैक्षिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान अक्षरा का लोकार्पण)**

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 26 जुलाई से कक्षा 11वीं तथा 12वीं की कक्षाएँ आधी क्षमता से आरम्भ की जाएंगी। कोरोना की तीसरी लहर की संभावना है, पर वर्तमान में प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। आज केवल 20 कन्फर्म केस हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या मात्र 250 है। राज्य सरकार कोरोना संक्रमण की स्थिति पर निरंतर सजग है। सतर्क रहते हुए शैक्षणिक संस्थाओं को खोलने का निर्णय लिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान विद्या भारती मध्यक्षेत्र भोपाल के शैक्षिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ÷अक्षरा÷ के भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अरेरा कॉलोनी ई-4 में बने परिसर में शाला भवन का लोकार्पण और ÷अक्षरा÷ पत्रिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्या भारती परिसर में चंदन का पौधा लगाया। संस्था की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्णराव कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। खेल एवं युवा कल्याण व तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, चिकित्सा शिक्षा एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, स्कूल शिक्षा व सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। विद्या भारती मध्यक्षेत्र के मंत्री विवेक शेंड्ये ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण बच्चों का अध्ययन और शाला गतिविधियाँ प्रभावित हुई हैं। ऑनलाइन और वर्चुअल प्रक्रिया से अध्ययन जारी है, परंतु इसकी प्रभावशीलता का आंकलन शेष है। लंबे समय से घरों में रहकर बच्चे कुंठित हो रहे हैं। शाला संचालकों की आपनी समस्याएँ हैं। इन परिस्थितियों में प्रदेश में नियंत्रित हुए कोरोना



संक्रमण को देखते हुए शाला संचालन चरणबद्ध रूप से आरंभ करने का निर्णय लिया गया है।

(अगस्त में लिया जाएगा अगली कक्षाओं के संबंध में निर्णय)

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कक्षा 11 तथा 12वीं के लिए 26 जुलाई से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ शालाओं का संचालन आरंभ किया जाएगा। शालाएँ सप्ताह में चार दिन लगेंगी। दो दिन 50 प्रतिशत क्षमता का एक बैच आएगा, अगले दो दिन शेष 50 प्रतिशत विद्यार्थियों का दूसरा बैच शाला आएगा। एक सप्ताह तक स्थिति को देख कर कोचिंग संस्थान, महाविद्यालयों को आरंभ करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। यदि स्थिति सामान्य और नियंत्रण में रहती है तो 15 अगस्त से क्रमबद्ध 9वीं, 10वीं और उसके बाद माध्यमिक और प्राथमिक शालाओं का संचालन आरंभ करने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिक्षा पर आचार्य शंकर और स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा से व्यक्ति ज्ञान और नागरिकता के संस्कार अर्जित करता है। शिक्षा कौशल प्रदान करती है। व्यक्ति में आजीविका अर्जन की क्षमता विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ज्ञान, श्रेष्ठ संस्कार और कौशल संवर्धन तीनों का समावेश है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा शास्त्रियों, विषय-विशेषज्ञों, शाला संचालकों के मार्गदर्शन में प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए विशेष रूप से मंत्री समूह का गठन किया गया है। यह समूह, विशेषज्ञों से सलाह कर कक्षा 6 से व्यावसायिक शिक्षा आरंभ करने के स्वरूप का निर्धारण करेंगा। पाठ्यक्रम निर्धारण, प्रशिक्षण आदि के संबंध में भी विषय-विशेषज्ञों से विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा।

## वन-टू-वन

### बुंदेलखंडी मशहूर कॉमेडी कार विकास पाठक अपनी पहचान बनाते हुए

**राकेश परिहार ,पुष्पांजली टुडे**




पिछोर, तहसील के बुंदेलखंडी मशहूर कलाकार विकास पाठक जी ने अपनी पहचान लोगों के बीच बुंदेलखंडी कॉमेडी के जरिए बना ली है जिसमें बुंदेलखंडी कॉमेडी के माध्यम से लोगों के लिए जागरूक किया जाता है एवं उनको अच्छा मार्ग दिखाया जाता है जिससे आगे चलकर कोई भी व्यक्ति अनपढ़ ना रहे और शिक्षा में आगे बढ़े बुंदेलखंडी कॉमेडी के जरिए यह है शिक्षा अभियान के तहत लोगों के लिए जागरूक किया जाता है बुंदेलखंडी कॉमेडी कार विकास भाई ने ऐसे कई शिक्षा के ऊपर वीडियो प्रस्तुत किए हैं जिससे लोग अंधकार में से हटकर उजाले की तरफ जाए जिसमें सभी कलाकार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है यह कलाकारी बुंदेलखंडी कॉमेडी के द्वारा प्रस्तुत की जा रही है जिसमें मुख्य कलाकार विकास पाठक (बुंदेली गायक प्रदीप राजपूत) (गौरव पटेरिया) (बन्ना रामनरेश राजपूत) (रोहित सेन) (सपना हर्बल ब्यूटी पार्लर शिवपुरी)(बबीता भार्गव दिल्ली,संजना शिवपुरी,शिवानी शिवपुरी) सभी कलाकार अपने वीडियो के माध्यम से लोगों को शिक्षित करते हैं और प्रेरित करते हैं।



### युवा कांग्रेस ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन

गोहद-मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर 14 जुलाई के दिन पूरे मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह के साथ हुई पुलिस बर्बरता के विरोध में गोहद इटायली गेट पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.राजकुमार देशलहरा एवं विधानसभा अध्यक्ष गोहद बंटी गुर्जर द्वारा ग्रह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का पुतला दहन किया गया युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं विधानसभा अवध किशोर बंटी गुर्जर ने डीआईजी को बर्खास्त करने की मांग की इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष टोनी मुद्गल ,युवा कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह गुर्जर ,नवल किशोर बरैया, मुनेश शर्मा ,सुरेंद्र बघेल जिला संयोजक सोशल मीडिया, राजेंद्र परिहार जिला महासचिव, रागिनी चौहान, पिंकी उचाडिया, आरिफ कैलाश माहौर गौतम गहलोत,निशांत बरैया, उदय सिंह परिहार, सूरज शर्मा जिद्दी, शाहरुख शाह ,रमजानी खान, जवान सिंह गुर्जर, गोलू दंगस,आदित्य यादव, आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पर्यावरण सरक्षण महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने कन्नड़ रंगमग नृत्य नाट्य कलाकारों का मैसूर पेटा पहानकर किया सम्मानित

**पुष्पाजली टुडे , नारायणलाल सैणचा**

.बुधवार मैसूरु ञ्च कन्नड़ साहित्य परिषद की ओर से कन्नड़ रंगमंच नृत्य नाट्य कलाकारों का मैसूरु पेटा पहनाकर शाल द्वारा सम्मान कर स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया द्य इसी कड़ी में कन्नड़ कलाकार मंडया रमेश का सम्मान करते हुए बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना के कुप्रभाव के कारण लोगों के जमावड़ा पर कोविड-19 नियमो के तहत सीमित प्रतिबंध हैं द्य तथा आज के युवाओं का सोशल मीडिया व मोबाइल की ओर आकर्षक होने के कारण नुक्कड़ नाटक कलाकारों का अभिनय देखने में दर्शकों की भीड़ कम ही जुटती है द्य कन्नड़ कला संस्कृति की ओर युवाओं का रुझान बढ़ाकर प्रेरित करना होगा द्य इस अवसर पर चैलेंजिंग स्टार दर्शन अभिमानी संघ के सदस्य व पर्यावरण जागृति वेदिके के अध्यक्ष बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित,विक्रम अयंगर,अजय शास्त्री,गंगाधर, अर्स,महेश,विनय,राकेश सहित बड़ी संख्या में कलाकार मौजूद रहे ।

### पूर्ति निरीक्षक जलेसर की जांच कराने पूर्व विधायक जलेसर कुबेर सिंह अगरिया को राशन डीलरों ने सौंपा ज्ञापन

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा। राशन डीलरों से अवैध वसूली किए जाने का मामला अभी तक शांत नहीं होता दिख रहा है जहां पूर्व में एसडीएम जलेसर मानवेंद्र सिंह के द्वारा राशन डीलरों से अवैध रूप से धन उगाही करने वाले युवक को रंगे हाथों पकड़ा था और जलेश्वर पुलिस को सौंप दिया था बाद में जलेसर पुलिस के द्वारा उक्त दलाल को थाना से छोड़ दिया था समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनलों पर खबर चलने के बाद एसडीएम जलेसर द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना जलेसर पर मुकदमा दर्ज कराया था साथ ही पकड़े गए दलाल हरीश के द्वारा खुद को पूर्ति निरीक्षक के इशारे पर वसूली करने वाला बताया था मामले की जानकारी लगते ही जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पूर्ति निरीक्षक जलेसर के विरुद्ध जांच कराए जाने की संस्तुति की गई थी और जांच अन्य पूर्ति निरीक्षक को सौंप दी गई थी जिसके विरोध में आज दोपहर राशन डीलर पूर्व विधायक कुबेर सिंह अगरिया व युवा भाजपा नेता प्रवेंद्र अगरिया एडवोकेट से मिले और पूर्ति निरीक्षक की जांच किसी अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा कराए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है।

## तस्करी को ले जाये जा रहे अवैध असलहा सहित एक सप्लायर गिरफ्तार

**3 देसी पिस्टल, 5 देसी 1 देसी राइफल, तमंचा व 2 जिंदा कारतूस बरामद**

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

एटा। घटनाक्रमानुसार मंगलवार को थाना अलीगंज व जनपदीय स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्यवाही के दौरान केल्ठा चैराहे, कायमगंज को जाने वाले रोड के पास से एक अवैघ शस्त्र सप्लायर मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की जामातलाशी तथा मौके से 3 देशी पिस्टल 32 बोर, 4 देशी तमंचे 315 बोर, 1 देशी तमंचा 32 बोर एवं 2 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये हैं। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह सस्ते दामों पर असलहा खरीदकर महँगे दामों पर बेच देता है। इन शस्त्रो को भी वह अलीगंज के रास्ते जनपद फर्रूखाबाद रेलवे स्टेशन पर बेचने के लिये ले जा रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध थाना अलीगंज पर पर



अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

जुर्म का इकबाल करते हुये अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै एक बार पहले भी वर्ष 2016 में थाना पटियाली जनपद कासगंज से नाजायज तमंचा बेचने के आरोप में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका हूँ। अभियुक्त द्वारा बताया तमंचा वह खुद नहीं बनाता बल्कि उसके गाँव के कैलाश शर्मा आदि तमंचा बनाते है।वह छोटे पुत्र नामालूम निवासी ईदाथोक भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज से नाजायज हथियार 1500 रूपये में खरीद कर तथा 500 रूपये का फायदा लेकर जरूरत के अनुसार बेच देता है। छोटे ने उसको फर्रूखाबाद में तीन पिस्टल व पाँच तमंचे लेकर भेजा था जो उसको रेलवे स्टेशन फर्रूखाबाद के बाहर किसी व्यक्ति को देने थे। नाजायज असलाहों के बनाने का काम उसके गाँव के कैलाश शर्मा व उन्हे सामान सप्लाई करने का काम छोटे निवासी ईदाथोक भरगैन थाना पटियाली जिला कासंगज करता है। हम सब का एक संगठित गिरोह है। जिसका काम नाजायज शस्त्रों का व्यापार करना है। इस से जो भी रूपया मिलता है वहीं हमारे परिवारों के कमाने खाने का धन्धा है।

### आशा सहयोगीनी ने नरेगा कार्य स्थल पर दस्त रोग की मेडिकल कीट लोगो को की वितरण

**पाली**



बाली उपखंड आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत काकराडी के गांव अरडवा की आशा सहयोगीनी मीनादेवी ने बाली ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ हितेन्द्र वागोरिया तथा काकराडी चिकित्सा प्रभारी डां रामकिशोर जाट के निर्देशानुसार नरेगा कार्य स्थल पर जाकर लोगो को मेडिकल कीट दवाई वितरण की गई । तथा लोगो को अधिक से अधिक वैक्सिनेशन लगाने के लिए जागरुक किया गया।आदिवासी समाज की पहली महिला अरडवा निवासी आशा सहयोगीनी मीना देवी जो समाज को जगाने व अधिक से अधिक गरिब लोगो को सरकारी फायदा दिलाने का प्रर्यास कर रही है।अरडवा गांव के लोगो ने मीनादेवी का ग्रामीणो व समाज सेवक मुकेश गरासिया ने आभार जताया।

### थाना महुआ पुलिस द्वारा 58.14 ली0 अबैध शराब कीमती करीब 32300 रूपये व एक एच. एफ.डीलेक्स मो.सा. कीमती करीब 60000 रूपये को जप्त कर 02 आरोपी को किया गिरफ्तार




**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक ललित कुमार शाक्यवार द्वारा सम्पूर्ण जिले में अबैध शराब के परिवहन एंव विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अति. पुलिस अधीक्षक रायसिहं नरवरिया एवं एस.डी.ओ. पी. अम्बाह अशोक सिह जादौन के दिशा निर्देशन में थाना महुआ पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.07.21 को मुखबिर की सूचना पर से ग्राम आमली पुरा नहर की पुलिया पर दो व्यक्तियो को एक बिना नम्बर की एच. एफ.डीलेक्स मो.सा. जिसका इंजन नं0 HA11EWMGC00695 व चैसिस नं0 MBLHAW138MGC20773 पर प्लास्टिक के कट्टे व थैलो मे 275 कबाटर देशी प्लेन शराब व 48 पाउच राउल क्लासिक विस्की अबैध शराब को रखे पकड़ा है दोनो आरोपीगण के कब्जे से कुल अबैध शराब 58.14 ली0 कीमती करीब 32300 रुपये को मय एक बिना नम्बर की एच. एफ. डीलेक्स मो.सा कीमती करीब 60,000 रुपये को आरोपीगण के कब्जे से विधिवत जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। एवं गिर. शुदा आरोपीगण के विरुध्द अप. क्र. 101/21 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यबाही मे थाना प्रभारी महुआ पारथ सिह परिहार सउनि जे. पी शर्मा, सउनि राजेन्द्र विमल प्रआर. गिर्राज सिह प्रआर. सियाराम गुर्जर, आर प्रमोद शर्मा, प्रआर. रामअख्त्यार सिंह आर कप्तान सिंह, आर. संदीप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## एक शातिर शराब तस्कर एवं जिला बदर अपराधी सफलतापूर्वक किया गया गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के नेतृत्व में 13/14 जुलाईकी रात्रि को मुखबिर की सूचना पर कुठिला लायकपुर के पास पीपल के पेड के पास से अभियुक्त सत्यभान पुत्र हरकेशी निवासी कुढिला लायकुपर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से दो अदद डिब्बों में करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं एक अदद तमंचा 315 बोर जो चालू हालत में है तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जो पूर्व में शराब तस्करी, नशीले पदार्थ एवं अवैध असलहा की तस्करी में संलिप्त रहा है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया कि करीब 20-25 साल पूर्व अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा फैक्ट्री को पुलिस द्वारा बरामद किया गया था जिसके सम्बन्ध में



अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध दि0-22 अक्टूबर 2018 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा 3 यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही अमल में लायी गयी थी एवं अभियुक्त को मार्च, 2021 को जिला बदर अपराधी घोषित किया गया था । माननीय न्यायालय के आदेश के उल्लंघन में उक्त अपराधी को 29 मयब2021 को न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजा गया था। अभियुक्त सत्यभान उपरोक्त कच्ची शराब की तस्करी करने का अभ्यस्त आदतन अपराधी है तथा जिला बदर की कार्यवाही के उपरान्त भी अभियुक्त द्वारा समय सीमा के अन्दर न्यायायिक हिरासत से छूटने के उपरान्त पुनः अपराध कारित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।

अभियुक्त सत्यभान उपरोक्त द्वारा अपने घर पर लहन बनाकर अवैध कच्ची शराब बनायी जाती है तथा उस शराब को अपने गांव व आसपास के गांव में बिक्री किया जाता है। चूंकि अभियुक्त द्वारा करीब 20-25 वर्ष पूर्व अवैध शस्त्र फैक्ट्री में आपराधिक इतिहास की जानकारी गहराई से की जा रही है।

## राहुल भदोरिया कांग्रेश जिला पंचायत सदस्य ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को बताया कि मेहगांव मैं हो रही बिजली कटौती मेंटेनेंस के नाम पर कर रहे हैं जनता के साथ धोखाधड़ी

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**

आज मेहगांव मैं राहुल भदोरिया कांग्रेश जिला पंचायत सदस्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि मेहगांव मैं बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते हैं आम जनता काफी परेशान है मेंटेनेंस के नाम पर जनता के साथ कि जा रही है धोखाधड़ी दिन में 8 घंटे तक लाइट नहीं आती 24 घंटे में मेंटेनेंस का बहाना लेकर दिनभर लाइट कटी रहती है जिससे आम जनता काफी परेशान हो रही है और उन्होंने बताया की बिजली विभाग की लापरवाही को कांग्रेश बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी उन्होंने कहा कि हम इस बात को ऐसे ही नहीं छोड़ सकते जिससे आम जनता काफी परेशान है यहां तक कि पीने को पानी तक नसीब नहीं होता कभी-कभी तो पूरे दिन लाइट गोल रहती है जैसे कि किसान मजदूर वर्ग के लोग दिन भर के हारे थके अपने घर आकर नाइट में आराम करना चाहें तो बिजली विभाग रात को भी लाइट नहीं देता अब आप लोग ही बताइए जब 24 घंटे में सिर्फ 8 घंटे से भी कम लाइट दी जाती है जिसमें आम जनता काफी परेशान है और जो मेहगांव मेन बाजार टंकी के पास से लेकर हाट बाजार पूरी मार्केट अंदर बस्ती तक मार्केट के हिसाब से लाइट नहीं दी जाती इसे देहात बस्ती के हिसाब से लाइट दी जाती है जिसकी मैं घोर निंदा करता हूं हम चाहते हैं कि मेन मार्केट बाजार के हिसाब से लाइट देनी चाहिए अगर यह सुधार नहीं हुए तो 16 7772021 हो बिजली विभाग का घेराव करेंगे जिसमें हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं आम जनता रहेगी कांग्रेस महामंत्री राम हरि शर्मा जी ने बताया कि बिजली विभाग ऐसे कई एक मामले हैं जिनमें बिल ?100 आना था वहां ?2000 आ रहा है जो परिवार गरीब वर्ग में आते हैं उनके साथ बिजली विभाग घोर लापरवाही बरत रही है



जिससे कांग्रेश कभी बर्दाश्त नहीं बिजली विभाग पूरे दिन ही लाइट गोल रखता है राहुल भदोरिया ने बिजली विभाग पर तंज कसते हुए कहा की बिजली विभाग के पास कोई ऐसा मीटर है कि जिन लोगों के मीटर भी नहीं लगे हैं और बिना यूनिट के ?100 की जगह ?2000 वसूल कर रहे हैं उन्हें कैसे पता चल जाता है कि जिस व्यक्ति का मीटर नहीं लगा है उसकी यूनिट के बिना कैसे ?2000 का बिल थमा दिया जाता है जिसकी मैं घोर निंदा करता हूं क्या बिजली विभाग के पास कोई स्पेशल मीटर है जिससे पता चल जाता है लाइन पर कनेक्ट करते ही कि बिजली बिल इतना हुआ जिस हिसाब से बिजली बिल वसूले जा रहे हैं वह सरासर तानाशाही भरा रवैया है और जिला पंचायत सदस्य ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा भाजपा सरकार अपनी मनमानी कर रही है यह नहीं देख रही है यह चीज गलत है या सही उसे तो अपने तानाशाही भरे रवैया से हर चीज को वसूला जा रहा है महंगाई आसमान छू रही है जिसमें गरीब आम जनता का भला कैसे होगा ऐसा ही चलता रहा तो आम जनता खुदकुशी करने पर मजबूर हो जाएगी मेहगांव की जनता के साथ में हमेशा खड़ा हूं मैं कभी नहीं होने दूंगा और राहुल भदोरिया पत्रकारों से कहा मेहगांव की जनता के साथ हम हमेशा खड़े रहेंगे मैं किसी भी के साथ गलत नहीं होने दूंगा उनके साथ में उपस्थित रहे समाजसेवी हरिओम भदोरिया राम हरि शर्मा सत्येंद्र दुबे मनीष गोविंद भदोरिया।

## वन-टू-वन

### विश्वकप को देखते हुए अच्छे स्कोर बनाने होंगे : मंधाना




**चेम्सफोर्ड (ए)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा है कि हमें आगामी विश्व कप मुकाबलों को देखते हुए अपने प्रदर्शन में निरतंरता लानी होगी। न्यूजीलैंड में अगले साल होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप को लेकर मंधाना ने कहा, ''हमें काफी चीजों पर काम करना होगा, विशेषकर बल्लेबाजी विभाम में। अगले सात महीने काफी अहम होंगे। उन्होंने कहा कि हमें अच्छे स्कोर बनाने शुरु करने होंगे। अगर मैं एक दिवसीय प्रारूप की बात करूं तो हमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लगातार 250-260 से अधिक रन बनाने होंगे, हमें इस पर काम करना होगा। बेशक हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में और अधिक निरंतरता आ सकती है। शायद हमें एक अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है और फिर चीजें ठीक हो जाएंगी। भारत 2017 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था पर लार्ड्स में 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे इंग्लैंड के खिलाफ नौ रन से हार का सामना करना पड़ेगा। मंधाना ने कहा कि मार्च-अप्रैल में होने वाले विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली श्रृंखला अहम होगी। भारतीय महिला टीम को सितंबर-अक्तूबर 2021 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के खिलाफ एक दिन-रात्रि टेस्ट, तीन एक दिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने हैं।

### ओलंपिक जिम्नास्टिक में पहली बार होगा कोई भारतीय जज

**नई दिल्ली (ए)।** ओलंपिक खेलों के जिम्नास्टिक मुकाबलों में पहली बार कोई भारतीय जज रहेगा। भारत के दीपक काबरा को टोक्यो ओलंपिक में जज के तौर पर शामिल किया गया है। काबरा आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के जज हैं। भारत की ओर से जिम्नास्टिक में केवल एक महिला खिलाड़ी प्रणति नायक ही शामिल हैं। भारत की स्टार जिम्नास्टिक खिलाड़ी दीपा कर्माकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ओलंपिक खेलों में जिम्नास्टिक में बतौर जज चयनित होने वाले पहले भारतीय दीपक काबरा को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई और टोक्यो 2020 के लिए शुभकामनाएं।' भारत की ओर से इस बार ओलंपिक के लिए जिम्नास्टिक से प्रणति नायक ने क्वालिफाई किया है. मुंबई में रहने वाले काबरा को 2019 में एशियन जिम्नास्टिक टेक्निकल कमेटी में बतौर सदस्य शामिल किया गया था। वहीं साल 2019 में हुई एशियन चैंपियनशिप में वे बतौर मुख्य जज शामिल हुए थे। काबरा से पहले नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव पवन सिंह भी टोक्यो ओलंपिक में बतौर जज चयनित हुए हैं। वे निशानेबाजी में बतौर जज ओलंपिक में उतरने वाले पहले भारतीय हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत की ओर से जिम्नास्टिक में केवल एक महिला खिलाड़ी प्रणति नायक ही क्वालीफाई कर पायी हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जून में घटकर 12.07 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली (ए)।** कच्चे तेल और खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) जून में मामूली घटकर 12.07 प्रतिशत रह गई। हालांकि, डब्ल्यूपीआई जून में लगातार तीसरे महीने दोहरे अंकों में रही, जिसका मुख्य कारण पिछले साल का कम आधार है। जून 2020 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति ऋणात्मक 1.81 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों की महंगाई बनी रहने के बावजूद खाद्य पदार्थों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते लगातार पांच महीनों की तेजी के बाद जून में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में नरमी आई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जून 2021 (जून 2020 के मुकाबले) 12.07 प्रतिशत है, जो जून 2020 में ऋणात्मक 1.81 प्रतिशत थी। जून 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर मुख्य रूप से कम आधार प्रभाव और पेट्रोल, डीजल (एचएसडी), नेफ्था, एटीएफ, फर्नेस ऑयल जैसे खनिज तेलों और मूल धातु, खाद्य उत्पाद, रासायनिक उत्पाद जैसे विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण है।''समीक्षाधीन अवधि में ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति घटकर 32.83 प्रतिशत हो गई, जो मई में 37.61 प्रतिशत थी। इसी तरह खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति भी जून में घटकर 3.09 प्रतिशत रह गई, जो मई में 4.31 प्रतिशत थी। हालांकि, इस दौरान प्याज महंगा हुआ। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति जून में 10.88 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने में 10.83 प्रतिशत थी।

### पीएनबी हाउसिंग की रकम जुटाने से संबं?धित मामले में सेबी ने की जल्दबाजी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण (सैट) ने पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस के रकम जुटाने से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जल्दबाजी की है। पीएनबी हाउसिंग के शेयरधारकों की विशेष बैठक का नजीता निकलने के बाद सेबी को किसी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए था। सैट ने सुनवाई के दौरान सेबी से पूछा, बाजार नियामक कंपनी के परिचालन में कब दखल दे सकता है? क्या शेयरधारकों का निर्णय आने से पहले सेबी का हस्तक्षेप उचित है? पहले ही कैसे मान सकते हैं कि शेयरधारक रकम जुटाने के प्रस्ताव पर राजी हो जाएंगे? क्या बाजार नियामक को लगता है कि शेयरधारक कंपनी के मुखौटे भर हैं?

# लक्ष्मण-पठान ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए पसंदीदा भारतीय टीम बनायी

**नई दिल्ली (ए)।** पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण और इरफान पठान ने श्रीलंका के खिलाफ 18 जुलाई से शुरु हो रही एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए अपनी-अपनी पसंदीदा भारतीय टीम बनायी है। लक्ष्मण ने कहा, मैं शिखर धवन और पृथ्वी शॉ से पारी की शुरुआत कराउंगा। वहीं नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए सूर्यकुमार यादव आएंगे। नंबर चार के लिए एकदिवसीय सीरीज में संजू सैमसन, नंबर पांच पर मनीष पांडे और नंबर छह के लिए मैं हार्दिक पंड्या के साथ जाऊंगा।



उन्होंने आगे कहा, वहीं, नंबर सात के लिए क्रुणाल पंड्या रहेंगे। मैं भुवनेश्वर कुमार और दीपक चाहर इन दो तेज गेंदबाजों के साथ जाऊंगा। वहीं, स्पिन गेंदबाजी के लिए कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल मेरी पसंद हैं। वहीं पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने हालांकि अपनी अंतिम ग्यारह में क्रुणाल पंड्या की जगह नितीश राणा को शामिल किया है. इरफान ने कहा कि अगर हार्दिक पंड्या गेंदबाजी करने में सक्षम हैं तो भारत के पास दूसरे बल्लेबाज को चुनने का सौभाग्य होगा। पठान ने कहा, लक्ष्मण की अंतिम ग्यारह में मैं सिर्फ एक बदलाव करूंगा। मैं चाहूंगा कि हार्दिक गेंदबाजी करें तो ऐसे में मैं उन्हें बतौर ऑलराउंडर शामिल कर रहा हूं। ऐसे में



मैं एक और बल्लेबाज शामिल कर सकता हूं। मैं क्रुणाल पंड्या की जगह नितीश राणा को शामिल करूंगा। इसके अलावा कोई बदलाव नहीं है, क्योंकि मैं हार्दिक को कुछ ओवरों के लिए गेंदबाजी करते हुए देखना चाहता हूं।

**वीवीएस लक्ष्मण अंतिम ग्यारहः** शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

**इरफान पठान अंतिम ग्यारहः** शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, मनीष पांडे, नितीश राणा, हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

### कोच गोपीचंद को भारतीय खिलाड़ियों के अधिक पदक जीतने की उम्मीद

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने माना कि कोरोना वायरस संबंधित पाबंदियों के कारण इस बार ओलंपिक खेल पहले से काफी अलग होंगे पर उन्हें उन्हें उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ी इस बार ज्यादा पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार संक्रमण के खतरे को देखते हुए ओलंपिक खेल गांव में खिलाड़ियों को आपस में मिलने जुलने की इतनी आजादी नहीं होगी और उन्हें पहचानना काफी मुश्किल होगा क्योंकि उनके चेहरे मास्क से ढके होंगे। गोपीद ने एक कार्यक्रम में कहा, इस प्रकार के माहौल में हमारे खिलाड़ियों के लिये सावधान रहने के साथ ही यह जरुरी होगा कि वे अपने खेल पर ध्यान लगाये रखें और जीतकर वापस आयें।

# आजम ने सबसे कम पारियों में 14 एकदिवसीय शतक लगाये, विराट को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने सबसे कम पारियों में 14 एकदिवसीय शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। आजम ने इसी के साथ भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों में नाकाम होने के बाद खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 139 गेंदों पर 158 रनों की पारी खेली थो, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इस प्रकार आजम ने अपना 14वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। आजम ने सबसे कम 81 पारियों में 14 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं। इससे पहले का रिकार्ड विराट के नाम पर था। विराट ने 103 पारियों में 14 शतक लगाए थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला ने 84 पारियों में ये आंकड़ा हासिल किया था। तीसरे एकदिवसीय मैच में पाक ने इंग्लैंड के सामने 332 रनों का लक्ष्य रखा पर इसके बाद भी उसे 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आजम और मोहम्मद रिजवान ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक शॉट खेलते हुए 179 रनों की साझेदारी बनायी। रिजवान ने 76 रन बनाये।

# इंग्लैंड के लेग स्पिनर मैट पार्किंसन ने फेंकी वॉर्न जैसी दशक की सर्वश्रेष्ठ गेंद



**लंदन (ईएमएस)।** इंग्लैंड के लेग स्पिनर मैट पार्किंसन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न जैसी गेंद फेंककर सबको हैरान कर दिया। पार्किंसन ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में पाक बल्लेबाज इमाम उल हक को वॉर्न जैसी एक करिश?माई गेंद फेंकी। इमाम इस गेंद को जब तक समझ पाते तब तक विकेटों में चली गई। काफी लोग अब उन्हें इंग्लैंड का वॉर्न कह रहे हैं। इस मैच में जब पाक के 113 रन पर एक विकेट था तो एजबेस्टन की सपाट पिच से गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिल रही थी। ऐसे में अपने तीसरे ओवर में ही पार्किंसन ने ऐसी गेंद फेंकी, जिसे दशक की सर्वश्रेष्ठ गेंद माना जा रहा है। पार्किंसन ने 56 रन पर खेल रहे इमाम को ओवर द विकेट गेंद फेंकी। उन्होंने छठे स्टंप के आसपास फुल गेंद फेंकी। इस गेंद पर बल्लेबाज ड्राइव लगाना चाहता था। गेंद की लाइन और लेंथ देखकर इमाम खुश हो गए और वह गेंद को बाउंड्री पर भेजना चाहते थे। मगर ड्राइव के लिए उन्होंने अपने शरीर से दूर खेलना चाहा पर वह बल्ले का अंदरुनी किनारा लेते हुए मिडिल स्टंप में चली गई। पार्किंसन की गेंद एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में विकेट लेने वाली सबसे बड़ी स्पिनिंग गेंद थी। जिसने 12.1 डिग्री का बड़ा मोड़ लिया। इससे पहले साल 2005 में एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड के एंड्रयू स्ट्रॉस भी वॉर्न की ऐसी ही गेंद पर आउट हुए थे।

## आईपीओ से पहले जोमैटो पर टूटे एंकर निवेशक, लगाई बोलियां

**नई दिल्ली (ए)।** फूड डिलीवरी की सप्लाई आनलाइन करने वाली कंपनी जोमैटो का बहुप्रतीक्षित आईपीओ बुधवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को कंपनी ने एंकर निवेशकों से 4,196 करोड़ रुपए जुटाए। कुल 186 फंड्स ने इसमें हिस्सा लिया जिसमें दुनिया की कई जानी-मानी इनवेस्टमेंट कंपनियां शामिल रहीं। इस दौरान करीब 42,00 करोड़ रुपये के शेयरों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए की बोलियां मिली जो करीब 35 गुना ज्यादा है। स्टॉक एक्सचेंजेज के




आंकड़ों के मुताबिक कंपनी ने 186 एंकर निवेशकों को 76 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 55,21,73,505 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक जोमैटो आईपीओ की एंकर इनवेस्टमेंट प्रोसेस के दौरान कुल डिमांड 1.5 लाख करोड़ रुपये की रही। जोमैटो का 9,375 करोड़ रुपए का आईपीओ बुधवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है और 16 जुलाई को बंद होगा। इसके लिए प्राइस बैंड 72-76 रुपए तय किया गया है। जोमैटो आईपीओ लाने वाली देश की पहली यूनिकॉर्न स्टार्टअप है। इस आईपीओ को देश में पब्लिक होने की योजना बना रही स्टार्टअप कंपनियों के लिटमस टेस्ट माना जा रहा है। यही वजह है कि जोमैटो के आईपीओ को लेकर निवेशकों में गजब का उत्साह है। इस आईपीओ में 9,000 करोड़ रुपये के ताजा शेयर जारी किए जाएंगे जबकि इन्फो एज 375 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री करेगी। रीटेल निवेशकों के लिए इश्यू में 10 फीसदी हिस्सा यानी 933 करोड़ रुपये का हिस्सा रिजर्व है। वे 195 शेयर और इसके मल्टीपल में शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

# वित्तमंत्री सीतारमण और भूटान के वित्तमंत्री शेरिंग ने भूटान में भीम-यूपीआई का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली (ए)।** केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के अपने समकक्ष वित्तमंत्री ल्यिन्पो नामगे शेरिंग के साथ संयुक्त रूप से आज दोपहर एक आभासी समारोह में भूटान में भीम-यूपीआई का शुभारंभ किया। इस समारोह में राज्यमंत्री (वित्त) डॉ. भागवत किशनराव कराड, भूटान के रॉयल मॉनेटरी अथॉरिटी के गवर्नर दाशो पेनजोर, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव देबाशीष पांडा, भूटान में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज, भारत में भूटान के राजदूत जनरल वी. नामग्याल और एनपीसीआई के एमडी और सीईओ दिलीप असबे ने भी भाग लिया। मंत्री सीतारमण ने कहा कि भारत की 'पड़ोस पहले' नीति के तहत भूटान में ये सेवाएं शुरू की गई हैं। भारत को अपनी इस उपलब्धि पर गर्व है और इसे अपने मूल्यवान पड़ोसी के साथ साझा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि भीम - यूपीआई भारत की प्रगति के सबसे उज्ज्वल पड़ावों में से एक है और कोविड -19 महामारी के काल में डिजिटल लेनदेन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पिछले पांच वर्षों में 100 मिलियन से अधिक यूपीआई क्यूआर बनाए गए हैं और वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भीम - यूपीआई ने 41 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 22 अरब लेनदेन को पूरा करने में योगदान किया है। भूटान के वित्त मंत्री ल्यिन्पो नामगे शेरिंग ने भूटान में भीम-यूपीआई सेवाओं के शुभारंभ के लिए



भारत सरकार को धन्यवाद दिया और इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध दिनोंदिन मजबूत होते गए हैं। यह शुरूआत 2019 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री के भूटान के राजकीय दौरे के दौरान दोनों देशों द्वारा घोषित प्रतिबद्धता को पूरा करती है। उस यात्रा के बाद, भारत और भूटान एक दूसरे के यहां में रुपे कार्ड की स्वीकृति के अंतर-संचालन को दो चरणों में - पहले चरण में भारत में जारी रुपे कार्डों की भूटान स्थित टर्मिनलों पर स्वीकृति और दूसरे चरण में इन कार्डों की उल्टे क्रम में स्वीकृति - संभव बना चुके हैं। भूटान में आज भीम-यूपीआई की शुरूआत के साथ दोनों देशों की भुगतान संबंधी अवसंरचना सुचारू रूप से आपस में जुड़ गई हैं और इससे हर साल भूटान की यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों और व्यापारियों को लाभ होगा।

# एक्स7 को अपग्रेड कर रियलमी ला रही एक्स9 सीरीज



### सीरीज को अभी तक देखा जा चुका कई सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर

**नई दिल्ली (ए)।** चाइनीज कंपनी रियलमी एक्स7 को अपग्रेड कर रियलमी एक्स9 सीरीज ला रही है। इस सीरीज को अभी तक कई सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर देखा जा चुका है।चीन की सर्टिफिकेशन वेबसाइट टेन्ना और 3सी पर मॉडल नंबर आरएमएक्स 3361 वाले एक स्मार्टफोन के अहम स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा हुआ है। खबरों के मुताबिक, यह आने वाली रियलमी एक्स9 स्मार्टफोन है। डॉक्युमेंट्स से खुलासा हुआ है कि इस फोन में 6.43 इंच डिस्प्ले होगी। फोन में पतले बेज़ल के साथ एमोलेड डिस्प्ले पैनल दिया जाएगा।हैंडसेट में 4200 एमएएच बैटरी दी जा सकती है। उम्मीद है कि फोन में फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलजी भी दी जीएगी। लिस्टिंग से खुलासा हुआ है कि फोन का डाइमेंशन 159.2 एक्स 73.5 एक्स 8.0 मिलीमीटर होगा। इस सीरीज की दूसरी डिवाइस को मॉडल नंबर आरएमएक्स 3381 के साथ. रियलमी एक्स9 प्रो नाम से लॉन्च किया जा सकता है। रूस की ईईसी सर्टिफिकेशन वेबसाइट से इस हैंडसेट अहम स्पेसिफिकेशन्स का पता चला है। रियलमी एक्स9 प्रो में 6.55 इंच कर्व्ड डिस्प्ले दी जाएगी। फोन में हाई रिफ्रेश रेट के साथ सुपर एमोलेड पैनल दिए जाने की उम्मीद है। कैमरे की बात करें तो स्मार्टफोन में 50 मेगापिक्सल सोनी आईएमएक्स766 प्राइमरी लेंस, 16 मेगापिक्सल आईएमएक्स481 अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2 मेगापिक्सल ब्लैक ऐंड वाइट सेंसर दिए जाएंगे। फोन को क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 870 चिपसेट के साथ लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। रियलमी एक्स9 प्रो में 8 जीबी रैम के साथ 256 जीबी इनबिल्ट स्टोरेज दी जाएगी। स्मार्टफोन में 4500 एमएएच की बैटरी हो सकती है। खबरों के मुताबिक, फोन में 65 वाट सुपरवॉक 2.0 फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलजी सपॉर्ट मिलेगा।

### मोटोरोला एज 20 भारत में जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली (ए)।** चालू महीने के अंत तक मोटोरोला कंपनी एग 20 सीरीज का ऐलान कर सकती है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, एज 20 मिड-रेंज फोन को भारत में इस महीने के आखिर या अगस्त में उपलब्ध कराया जाएगा। डिवाइस को 30,000 रुपये के आसपास पेश किए जाने की उम्मीद है। इस कीमत के साथ मोटो एज 20 को रियलमी एक्स7 मैक्स 5जी, शाओमी मी 11एक्स और आने वाले वनप्लस नॉर्ड 2 व पोको एफ3 जीटी जैसे हैंडसेट्स से चुनौती मिलेगी। एस20 को भारत में आने से पहले ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मोटोरोला एस20 को किसी दूसरे नाम से उपलब्ध कराया जा सकता है। पिछली रिपोर्ट्स से खुलासा हुआ है कि एज 20 लाइनअप में दूसरे फोन्स जैसे एज20 प्रो और एज 20 लाइट भी लॉन्च होंगे। हाल ही में एक लीक में टिप्स्टर इवान ब्लास ने बताया था कि लेनोवो के मालिकाना हक वाली मोटोरोला भारत में एज20 प्रो और लाइट स्मार्टफोन्स पेश करेगी।

## मुकेश अंबानी के निवेश वाली कंपनी की कोरोना काल में चांदी

**मुंबई (ए)।** कोविड-19 महामारी ने कंपनियों के काम करने के तरीकों को बदल दिया है। इसका फायदा नए जमाने की टेक कंपनियों का मिल रहा है। ऐसे ही ही एक कंपनी है डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड। महामारी के कारण रिफाइनरीज और पावर जेनरेटर्स ऑपरेटर्स को रूटीन मेनटेनेंस स्थगित करना पड़ा। इस काम में सैकड़ों टेक्नीशियन, इंजीनियर्स और वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। लेकिन महामारी के कारण ऐसा करना



संभव नहीं था। इसलिए इन ऑपरेटर्स ने टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन का सहारा लिया। डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर तरुण कुमार मिश्रा के लिए यह अपने प्रॉडक्ट की उपयोगिता साबित करने का सही मौका था। उनका प्रॉडक्ट एक रियल टाइम पाइपलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम है जो सेंसर्स और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से लीक और अन्य खामियों का पता लगाता है। देश के सबसे बड़े रईस और रिलायंस इंडस्ट्रीज मुकेश अंबानी ने 2014 में मिश्रा के वेंचर में एक लाख डॉलर का निवेश किया था। 32 साल के मिश्रा ने कहा कि टेक्नोलॉजी एडॉप्शन काफी तेजी से बढ़ा है। कोविड-19 महामारी ने लोगों को काम करने के पुराने ढर्रे से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया।

## वन-टू-वन



### केन्द्र की गलत नीतियों से देश में मंहगाई चरम पर: रघु भदौरिया

ग्वालियर। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रघु भदौरिया ने कहा कि केन्द्र सरकार की हठधर्मी एवं गलत आर्थिक नीतियां के चलते किसान जहां आठ माह से किसान दिल्ली में धरने पर बैठे हैं वहीं सरकार किसानों की बात को सुन नहीं रही है। उन्होने यह भी कहा कि केन्द्र की नीतियों से देश में मंहगाई चरम पर है और आर्थिक नुकसान भी आम जनता को हो रहा है। उक्त बात आज पत्रकारों से मप्र किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रघु भदौरिया ने कही। प्रदेश उपाध्यक्ष रघु भदौरिया आज अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों को फर्जी तक करार दे रही है लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों ने भी अब केन्द्र सरकार को दो माह का समय दिया है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की नीतियों के अनुसार समय समय पर किसानों के हित में आंदोलन करते रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता वासुदेव शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### कार की टक्क र से घायल महिला की मौत

ग्वालियर। शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र में गोलपहाड़िया इलाके में 22 जून को कार की टक्कर से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान आज मौत हो गई पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी करलया बाई 32 पत्नी विजय सिंह जून माह में बहन के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए यहां आई थी 22 जून को है वापस जाने के लिए निकली थी तभी गोल पहाड़िया चौराहे के पास एक कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई थी उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेजा रोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कर्मचारी ने मालिक को लगाया एक करोड़ का चूना

ग्वालियर। बिल्डर क्या काम करने वाले एक कर्मचारी ने अपने मालिक को एक करोड़ रुपए की चपत लगा दी ।। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार ग्वालियर झांसी रोड थाना पुलिस ने बताया कि दौलतगंज निवासी कृष्णकांत पुत्र आरएस भार्गव पेशे से बिल्डर है और अभी उनकी मल्टी का निर्माण झांसी रोड इलाके में चल रहा है। उनके यहां पर कपिल दीक्षित काम करता था और कुछ समय पूर्व उसने उनके तीन प्लॉट की रजिस्ट्री अपने तथा अपनी पत्नी निशा के नाम धोखे से करा ली। जब इसका पता उन्हें चला तो मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उनकी शिकायत की जांच के बाद आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### स्टेशन पर रोते मिला बालक चाइल्ड लाइन को सौंपा

ग्वालियर। डबरा के रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर आरपीएफ को एक बालक रोते हुए मिले। पूछताछ में पता चला कि बालक बिहार में अपने मां-पिता से बिछड़कर रेल में बैठ गया था। पूछताछ के बाद आरपीएफ ने बालक को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया।बीते रोज प्रधान आरक्षक रिजवान खान के साथ प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर एक बच्चा रोता हुआ मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम त्रिभुवन कुमार पुत्र हाकिम साह उम्र 12 वर्ष निवासी बुकनाव पोस्ट संझौली, बुक नावा जिला रोहतास (बिहार) बताया। उसने बताया कि वह मां-पिता के साथ बाजार गया था, जहां उनके बिछड़ कर वह ट्रेन में बैठ गया। उपनिरीक्षक मीणा उसे चौकी में लाकर खाना खिलाया और रेलवे चाइल्ड लाइन सदस्य इरफान खान सुपुर्द किया, जो बच्चे को उसके परिजन तक पहुंचाएंगे।

# वैक्सीन को लेकर कई सेंटरों पर हंगामा: ग्वालियर में कोवैक्सिन के लिए परेशान हुए लोग, चुनिंदा सेटर पर ही लग रहा दूसरा डोज





**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार को वैक्सीन लगवाने के लिए हर सेंटर पर भीड़ नजर आई। तेज धूप के बाद भी लोग वैक्सीन लगवाने घंटों लाइन में लगे रहे। कई सेंटरों पर कोवैक्सिन के दूसरे डोज के लिए हंगामा हुआ, क्योंकि कोवैक्सिन का टीका शहर में चुनिंदा 4 सेंटर पर ही लगाया जा रहा था, जबकि कोवीशील्ड हर सेंटर पर उपलब्ध थी। यही कारण रहा, हालात संभालने के लिए कई जगह पुलिस को भी खड़ा करना पड़ा। भीड़ का असल कारण यह भी था कि 7 दिन बाद पहली डोज लग रही थी। इससे पहले वैक्सीन की उपलब्धता नहीं होने पर सिर्फ दूसरे डोज ही लगाए जा रहे थे।

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान वैक्सीन की निरंतर उपलब्धता नहीं होने के कारण गति नहीं पकड़ पा रहा है। बुधवार को जिले में 96 सेंटर पर 25200 लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट रखा गया था। इसमें से 24160 डोज कोवीशील्ड के थे, जबकि सिर्फ 1040 डोज कोवैक्सिन के थे। यही कारण था, निर्णय लिया गया था कि कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज लगाए जाएंगे, लेकिन कोवैक्सिन के सिर्फ दूसरा डोज लगाया जाएगा। कोवैक्सिन के डोज छ्ठ॥, जिला अस्पताल मुरार, सिविल हॉस्पिटल हजीरा, जीवाजी विश्वविद्यालय में ही लगाए जाएंगे। इस कारण से अन्य सेंटर पर कोवैक्सिन लगवाने पहुंचे लोगों ने हंगामा किया।

**कुछ सेंटर पर दिन में ही वैक्सीन खत्म:** बुधवार को कुल 96 सेंटर रखे गए थे। जिनमें से 25 सेंटर शहर और 69 सेंटर देहात में बनाए गए थे। इसके बाद शहर के कई सेंटर जैसे हुरावली, सिरोल व ओहदपुर में दोपहर बाद वैक्सीन खत्म हो गई। जेएएच में दिन भर भीड़ लगी रही। जिस कारण वहां वैक्सीन लगवाने पहुंचने वालों ने हंगामा भी किया।

### युवक ने सगी बहनों से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के पदमपुर खेरिया मे एक नाबालिग छात्रा का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता की बड़ी बहन को धमकी देकर ब्लैकमेल किया और उसके साथ भी दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के पदमपुर खेरिया निवासी सोलह वर्षीय व 19 वर्षीय छात्रा रहती हैं। उनके घर के सामने ही अंकित जाटव पुत्र गोपाल जाटव रहता है पड़ोसी होने के कारण दोनों परिवारों का एक दूसरे के यहां पर आना जाना है। छह माह पूर्व सोलह वर्षीय नाबालिग अपने खेत पर जा रही थी तो रास्ते में उसे अंकित मिला। अंकित ने उसका रास्ता रोका और बताया कि उसने उसका नहाते समय वीडियो बना लिया है और अगर वह उससे मिलने उसके घर नहीं आई तो वह फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर देगा।

## कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर रेंज स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन

**ग्वालियर।** बुधवार को होटल लेण्डमार्क एन.एक्स. में ''कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर रेंज स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, चम्बल जोन श्री सचिन अतुलकर,भापुसे द्वारा किया गया। तद्उपरांत पुलिस अधीक्षक, अजाक, चम्बल रेंज श्री राम सोहवन रावत द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री सचिन अतुलकर,भापुसे व विशिष्ठ अतिथि अति0 पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर शहर-मध्य श्रीमती हितिका वासल भापुसे एवं अति0 जिला अभियोजन अधिकारी, ग्वालियर श्री अनिल मिश्रा का स्वागत किया गया। इस आयोजन में चम्बल रेंज पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारिगणों के साथ कर्मचारीगण भी सम्मलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईजी चम्बल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रवैया रखते हुए उनसे संबंधित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण किया जाना चाहिए। विवेचक को रिपोर्ट दर्ज करते समय अपने आप को पीड़ित के स्थान पर रखकर रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए।

## पूर्व मंत्री इमरती देवी बोली महाराज मेरे भगवान मेरे पिता समान



**ग्वालियर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के पूर्व मंत्री इमरती देवी को गले लगाने का फोटो वायरल होने के बाद कांग्रेन नेताओं ने सोशल मीडिया पर कई सवाल भी खड़े किए थे। बुधवार को प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट के साथ कटोराताल छत्री पर आई पूर्वमंत्री इमरती देवी ने कांग्रेसियों को दो टूक जवाब दिया है। वह बोलीं- महाराज साहब (ज्योतिरादित्य सिंधिया) मेरे भगवान हैं।

पूर्व मंत्री ने कहा, सिंधिया मेरे पिता समान हैं। उनके केन्द्रीय मंत्री बनने पर मेरे मन की भावनाएं छलकीं। मेरे आंसू आ गए तो उन्होंने पहले मेरे सिर पर हाथ रखा फिर गले लगाकर कहा कि इमरती मैं हमेशा आपके साथ हूं। कभी घबराना नहीं। कांग्रेस भावनाओं को नहीं समझती। उनको जो समझना है समझें, जो अर्थ निकालना है निकालें। एक स्ष्ट हूं फिर भी महाराज ने मुझे गले लगाया इमरती देवी ने कहा कि कांग्रेस को आलोचना करना है तो करे। लोग कहते हैं कि महाराज साहब किसी से हाथ नहीं मिलाते। मैं एक स्ष्ट की महिला हूं। इसके बाद भी उन्होंने मेरे सिर पर हाथ रखा, गले लगाया। अब लोगों को क्या प्रमाण चाहिए। इससे बड़ा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता है। कांग्रेस कभी भावनाओं को न समझती है न समझेगी।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मोदी सरकार में जब कैबिनेट मिनिस्टर की शपथ ली तो उनके समर्थकों ने उनको दिल्ली पहुंचकर बधाई दी। इन्हीं में से एक पूर्व मंत्री इमरतीदेवी थीं। पूर्व मंत्री ने 8 जुलाई को सिंधिया के ऑफिस पहुंचकर उनको केन्द्रीय मंत्री बनने पर बधाई दी।















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478